चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 70, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 07 अप्रैल 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

भाजपा भ्रष्टाचार और वंशवाद से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध: मोदी

भाजपा ने लोकतंत्र की कोख से जन्म लिया है। भाजपा के लिए देश सबसे ऊपर है। भाजपा ने लोकतंत्र की कोख से जन्म लिया है। भाजपा के लिए देश सबसे ऊपर है।

नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान हनुमान के जीवन को भारत की विकास यात्रा के लिए प्रेरणा बताया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को भ्रष्टाचार से लड़ने की प्रेरणा भगवान हनुमान से मिलती है। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को भाजपा के 44वें स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार और वंशवाद से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा ने लोकतंत्र की कोख से जन्म लिया है। भाजपा के लिए देश सबसे ऊपर है। पार्टी भारत को भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, कानून और व्यवस्था की चुनौतियों से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पहले राजनीति के नाम पर दिखावा हुआ। भाजपा सामाजिक न्याय को जीती है। भाजपा देश में मुख्य सेवक की भूमिका में है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा भारत के लिए दिन-रात काम कर रही है और हमारी पार्टी मां भारती, संविधान और राष्ट्र को समर्पित है। उन्होंने भाजपा के स्थापना दिवस पर सभी कार्यकताओं को बधाई दी और कहा कि पार्टी को खून-पसीने से सींचने वाले कार्यकताओं के कारण ही हमें देश सेवा का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा, "हमने 'राष्ट्र प्रथम' के मंत्र को अपना आदर्श वाक्य बनाया है। भाजपा 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ काम कर रही है।" प्रधानमंत्री ने देशवासियों को भगवान हनुमान के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं और कहा कि हनुमान जी और उनके जीवन के प्रमुख प्रसंग आज भी हमें विकास यात्रा के लिए प्रेरणा देते हैं। हनुमान जी के पास असीम शक्ति है लेकिन इस शक्ति का इस्तेमाल वो तभी कर पाते हैं जब स्वयं पर से उनका संदेह समाप्त हो जाता है। 2014 से पहले भारत की भी यही स्थिति थी लेकिन आज भारत बजरंगबली की तरह अपने भीतर सूक्त शक्तियों का आभास कर चुका है। उन्होंने कहा कि आज भारत हनुमान की शक्ति की तरह

अपनी क्षमता का एहसास कर रहा है। भाजपा को भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था की चुनौतियों से लड़ने की प्रेरणा भगवान हनुमान से मिलती है। यदि हम भगवान हनुमान के पूरे जीवन को देखें, तो उनके पास "कर सकते हैं" रवैया था, जिसने उन्हें सभी प्रकार की सफलता दिलाने में मदद की। हनुमान जी दुष्टों का और भाजपा भ्रष्टाचारियों का नाश करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने मुफ्त राशन, इलाज और शौचालय योजना का हवाला देते हुए कहा कि भाजपा का जोर सामाजिक न्याय पर है। भाजपा सामाजिक न्याय को जीती है, इसकी भावना का अक्षरशः पालन करती है। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिलना सामाजिक न्याय का प्रतिबिंब है। 50 करोड़ गरीबों को बिना भेदभाव 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिलना सामाजिक न्याय की सशक्त अभिव्यक्ति है। 45 करोड़ गरीबों के बिना भेदभाव जनधन खाते खोलना सामाजिक न्याय के समावेशी एजेंडा का जीता जगता उदाहरण है।

11 करोड़ लोगों को शौचालय मिलना ही तो सामाजिक न्याय है: मोदी

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि 11 करोड़ लोगों को शौचालय मिलना ही तो सामाजिक न्याय है। बिना तुष्टिकरण और भेदभाव किए भाजपा सामाजिक न्याय के इरादों को सच्चे अर्थों में साकार करने वाला एक पर्याय बन कर उभरी है। आज भारत समंदर जैसी विशाल चुनौतियों को पार करने और उनका मुकाबला करने में पहले से ज्यादा सक्षम है।

संसद के दोनों सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, खरगे बोले- सरकार की कथनी-करनी में फर्क

बजट सत्र: हंगामा...हंगामा...हंगामा...

नई दिल्ली: संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा की कार्यवाही गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। बजट सत्र का दूसरा हिस्सा हंगामे की भेंट चढ़ गया। विपक्ष ने अदाणी समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित किए जाने की मांग को हंगामा किया तो सरकार की तरफ से लोकतंत्र को लेकर लंदन में राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर माफी की मांग पर हंगामा किया। गुरुवार को भी सदन की कार्यवाही शुरू होने पर काले कपड़े पहने कांग्रेस नेताओं सहित कुछ विपक्षी दलों के सांसद आसन के पास आ गए और जेपीसी की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। ओम बिरला ने इस पर नाराजगी भी व्यक्त की। टङ्कर संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि लोकसभा की 34% उत्पादकता और राज्यसभा की 24.4% उत्पादकता बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान दर्ज की गई।

लोकसभा में कितना हुआ कामकाज: लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि 17वीं लोकसभा के 11वें सत्र की शुरूआत 31 जनवरी को हुई। सत्र राष्ट्रपति ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अभिभाषण के बाद शुरू हुआ। इस पर 13 घंटे 44 मिनट तक चर्चा चली। प्रधानमंत्री ने इसका जवाब दिया। सभा ने सर्वसम्मति से अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को पारित किया। उन्होंने बताया कि इस सत्र के दौरान सदन में लगभग 45 घंटे 55 मिनट तक कामकाज हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ने बताया कि वित्त मंत्री ने एक फरवरी को वर्ष 2023-24 का बजट पेश किया। सदन में इस पर 14 घंटे और 45 मिनट तक चर्चा हुई और वित्त मंत्री (निर्मला सीतारमण) ने इसका जवाब दिया। उन्होंने बताया कि सदन ने अनुदान की मांगों और संबंधित विनियोग विधेयक को मंजूरी दी। सत्र के दौरान 8 विधेयक पुनः स्थापित किए गए और पांच विधेयक पारित हुए। सत्र के दौरान 29 तारंकित प्रश्नों के उत्तर दिए गए और 133 लोक महत्व के विषय उठाए गए। स्थायी समितियों के 62 प्रतिवेदन प्रस्तुत किये गए।

राज्यसभा में भी हंगामा

राज्यसभा में भी विभिन्न मुद्दों को लेकर हंगामा जारी रहा। इस वजह से सदन की कार्यवाही शुरू होने के महज सात मिनट बाद ही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

राज्यसभा में महज 31 घंटे कामकाज

राज्यसभा में 130 घंटे की निर्धारित अवधि के मुकाबले 31 घंटे से थोड़ा ही अधिक कामकाज हुआ। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के मुताबिक, लोकसभा में निर्धारित समय के 34.28 फीसदी समय में ही कामकाज हुआ। राज्यसभा में 24 प्रतिशत समय में कामकाज हुआ। पूरे बजट सत्र के दौरान लोकसभा में 4.32 घंटे ही प्रश्नकाल चला, जबकि राज्यसभा में यह समय सिर्फ 1.85 घंटा रहा।

सरकार की कथनी-करनी में फर्क: खरगे

लोकसभा स्थगित होने के बाद कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत सरकार लोकतंत्र की बातें करती है, लेकिन उसकी कथनी और करनी में फर्क है। संसद में 50 लाख करोड़ रुपये का बजट बिना चर्चा के 12 मिनट में पारित हो गया, सत्ताधारी पार्टी के सांसदों ने सदन में हंगामा किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने संसद में अदाणी मुद्दे पर जवाब नहीं दिया, ब्रिटेन में राहुल गांधी की टिप्पणी पर माफी की मांग कर ध्यान भटकाया। कुछ तो गड़बड़ है, इसीलिए सरकार अदाणी मामले में जेपीसी जांच के आदेश देने को राजी नहीं हो रही है। हमारा सामूहिक मुद्दा था कि अदाणी को इतना महत्व क्यों दिया जा रहा है?

हिमाचल में भांग की खेती को वैध करने की तैयारी

शिमला: हिमाचल प्रदेश में भांग की खेती को जल्द ही वैध किया जा सकता है। प्रदेश विधानसभा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सलाह पर इस मुद्दे पर विधायकों की कमेटी गठित करने की घोषणा की है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने विधायक पूर्ण चंद ठाकुर द्वारा प्रदेश में भांग के औषधीय गुणों को देखते हुए जनहित में दूसरे राज्यों की तर्ज पर भांग की खेती को वैध बनाने को लेकर नियम 101 के तहत लाए गए संकल्प पर हुई चर्चा के बाद कमेटी गठित करने की घोषणा की। यह कमेटी बागवानी एवं राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता

में गठित की गई है तथा विधायक हंस राज, मुख्य संसदीय सचिव सुंदर ठाकुर, विधायक पूर्ण ठाकुर और डॉ. जनक राज इस कमेटी के सदस्य होंगे।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह कमेटी एक माह के भीतर रिपोर्ट देगी। इससे पूर्व, संकल्प पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार भांग की पत्तियों और बीज के उपयोग पर पूरी जानकारी लेने के बाद कानून बनाने पर विचार करेगी।

आधुनिक भारत के महात्मा गांधी हैं राहुल: शुक्ला

रायपुर: छत्तीसगढ़ से कांग्रेस विधायक अमितेश शुक्ला ने राहुल गांधी को आधुनिक भारत का महात्मा गांधी बताया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अयोग्यता के खिलाफ विरोध के बीच उन्होंने कहा कि, महात्मा गांधी के साथ उनकी बहुत समानताएं हैं। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की थी, जबकि महात्मा गांधी ने तब दांडी मार्च किया था। राहुल गांधी को राष्ट्रीय पुत्र (राष्ट्रपुत्र) तक बता दिया। सोशल मीडिया में राहुल के समर्थन में चल रहे हैशटैग अभियान में पोस्ट करके अमितेश शुक्ल ने यह बातें कहीं।

सबके जीवन में खुशहाली लाने का प्रयास प्रारंभ हुआ: योगी

लखनऊ: उत्तर प्रदेश आज देश के अंदर सबसे ज्यादा नगर निकाय रखने वाला राज्य है। इसमें लगभग सात करोड़ की आबादी निवास करती है। देश के अंदर सिर्फ चार-पांच राज्यों की आबादी सात करोड़ है। गिनती में देश हैं, जिनकी आबाद सात करोड़ हैं। यहां चार करोड़ 32 लाख सिर्फ मतदाता हैं। इतना कई देशों की आबादी नहीं है। इन सबके जीवन में परिवर्तन करना, उनके जीवन में खुशहाली लाने प्रयास प्रारम्भ हुआ है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को यहां कही। वह लखनऊ नगर विकास विभाग के 8,731 करोड़ की 2,029 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर पुस्तकों का भी लोकार्पण किया गया। यह कार्यक्रम विशाखा सभागार, नगर विकास निदेशालय, गोमतीनगर में रखा गया था। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में 17 लाख से भी अधिक गरीबों को आवास उपलब्ध कराया गया है। यहां 15 करोड़ लोगों को फ्री में राशन सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। आज हमारे नगर केवल नगर नहीं है। देश के अंदर प्रधानमंत्री ने 100 शहरों को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा था। उनमें दस शहर उप्र से हैं। उन्होंने कहा कि नगरीय जीवन में परिवर्तन लाने के अनेक काम किये जा रहे हैं। इसी कारण उप्र का नगर विकास नंबर एक पर आया है। सर्विस प्रोवाइडर को अलग से पैसा दे रहे हैं तो वह किसी सफाई कर्मी के मानदेय से पैसा नहीं काटेगा। इसकी हम व्यवस्था करने जा रहे हैं। सफाई कर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था करने जा रहे हैं। जब हम इतनी योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने आये हैं तो यह बता दें कि 60 शहर हमारे अमृत योजना से आच्छादित हैं।

चीन भारतीय पत्रकारों को अपने यहां काम करने की सुविधा दे: भारत

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय कुछ भारतीय पत्रकारों के वीजा पर कथित रोक के संबंध में चीन सरकार के संपर्क में है तथा उसे आशा है कि भारतीय पत्रकारों को वहां रहने और काम करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इस संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत में चीन के कई पत्रकार वैध वीजा दिए गए हैं और वे यहां काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वीजा संबंधी मामलों के साथ कई एजेंसियां संबद्ध हैं। मोटे रूप में हमारा मानना है कि चीन में भारतीय पत्रकारों को काम करने की सुविधा दी जानी चाहिए। उल्लेखनीय है कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार दो भारतीय पत्रकारों के वीजा का नवीनीकरण नहीं किया गया है। ये पत्रकार इन दिनों भारत में हैं। चीन की ओर से अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों के नाम बदलने के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में प्रवक्ता ने विदेश मंत्रालय के पुराने रुख को दोहराते हुए कहा कि नए नाम इजाद करने से जमीनी हकीकत नहीं बदल सकती। इस मुद्दे पर मिले अमेरिका के समर्थन पर प्रवक्ता ने कहा कि यह भारत-चीन का मामला है, यदि इसमें किसी अन्य देश का समर्थन मिलता है तो यह ठीक है। उन्होंने दोहराया की अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है तथा हमेशा रहेगा।

डॉक्यूमेंट्री विवाद में मोदी के सपोर्ट में ट्वीट किया था, डिलीट करने के दबाव पर कांग्रेस छोड़ी

कांग्रेस नेता एंटनी के बेटे भाजपा में शामिल

नई दिल्ली: कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी ने गुरुवार को बीजेपी जॉइन की। नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने केरल भाजपा अध्यक्ष के. सुरेंद्रन की मौजूदगी में उन्हें पार्टी जॉइन कराई। जॉइनिंग के बाद अनिल एंटनी ने कहा- मुझे एक खास परिवार के लिए नहीं, आम लोगों के लिए काम करना है। अगले 25 सालों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के पीएम मोदी के लक्ष्य को पूरा करने का काम करना है। अनिल एंटनी ने इसी साल जनवरी में कांग्रेस के पद और

सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। वह केरल कांग्रेस के सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर थे। 2002 के गुजरात दंगों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री पर अनिल एंटनी ने मोदी के सपोर्ट में ट्वीट किया था, जिसे डिलीट करने का दबाव बनने पर उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी थी।

ट्वीट में अनिल ने कहा था- बीबीसी का इतिहास भारत के प्रति पूर्वाग्रह का रहा: बीबीसी की विवादास्पद डॉक्यूमेंट्री को लेकर अनिल एंटनी ने ट्वीट किया था- भाजपा के साथ तमाम मतभेदों के बावजूद बीबीसी और ब्रिटेन के पूर्व विदेश मंत्री जैक स्ट्रॉ के विचारों को भारतीय संस्थानों के विचारों से अधिक महत्व देना खतरनाक चलन है और इससे देश की संप्रभुता प्रभावित होगी।

ड्रैगन के दुस्साहस पर केंद्र को घेरेगी राहुल की टीम

कांग्रेस के हाथ लगी बीजेपी के राष्ट्रवाद की काट

नई दिल्ली: अदाणी मामले के बाद अब दूसरा बड़ा मुद्दा, कांग्रेस पार्टी के हाथ लग गया है। राहुल गांधी से लेकर पार्टी अध्यक्ष तक, कांग्रेस के अनेक नेताओं ने अरुणाचल प्रदेश में चीनी नामों की सूची को हाथों-हाथ लिया है। कांग्रेस पार्टी, चीन के इस मुद्दे को 'रामबाण' से कम नहीं मान रही। खास बात ये है कि चीन द्वारा तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश में भारतीय इलाकों के चीनी नामों की सूची जारी करना, कांग्रेस इस मुद्दे को 'ड्रैगन को क्लीन चिट' पंच लाइन से लोगों के बीच ले जा रही है। राहुल गांधी ने भी अपने ट्वीट में लिखा कि 2000 वर्ग किलोमीटर जमीन चीन ने छीन ली, जगहों के नाम भी बदल रहे, प्रधानमंत्री

चुप, कोई जवाब नहीं। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा, हमारे 50-60 हजार सैनिक लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल के ऊपर तैनात हैं। ये बुनियादी सवाल इसलिए उत्पन्न होता है, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी 2013 से लेकर अब तक 19 बार चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिल चुके हैं। पांच बार प्रधानमंत्री मोदी चीन गए हैं। भारत का कोई भी प्रधानमंत्री 1947 से लेकर 2023 तक इतनी बार चीन नहीं गया होगा।

विपक्ष को साथ लेकर आगे बढ़ेगी कांग्रेस: कांग्रेस पार्टी के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि भाजपा चाहे विकास का कितना भी राग अलाप ले, मगर उसके मूल में राष्ट्रवाद है। भाजपा ने 2019 का चुनाव राष्ट्रवाद के नाम पर ही जीता था। इस बार केवल कांग्रेस पार्टी ही नहीं, बल्कि ऐसे दल जो कांग्रेस के साथ चलने के लिए तैयार हैं, वे भी चीन के मुद्दे पर भाजपा को घेरने के लिए तैयार हैं। इस बाबत विपक्षी दलों के साथ विस्तार से चर्चा हो रही है।

काशी: दिग्गज देशों के प्रतिनिधियों के स्वागत के लिए तैयार

वाराणसी: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को मूर्त रूप देते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धर्म नगरी काशी की तस्वीर बदल दी है। पुरातन और आधुनिक संस्कृति को जोड़ते हुए काशी का ऐसा कायाकल्प हुआ है कि अब शहर अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों के लिए पूरी तरह तैयार है। वाराणसी में जी-20 शिखर सम्मेलन की छह बैठकें होनी हैं, जिसमें विश्व के 20 शक्तिशाली देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए वाराणसी जिला प्रशासन मिशन मोड में है। शहर में जी-20 की तीन दिवसीय एग्रीकल्चर

वर्किंग ग्रुप की मीटिंग 17 अप्रैल से होगी। वाराणसी स्मार्ट सिटी के मुख्य महाप्रबंधक डॉ डी वासुदेवन ने बताया कि जी-20 समिट में अंतरराष्ट्रीय डेलीगेट्स के प्रस्तावित मार्गों जिसमें, लालबहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट, शिवपुर मार्ग, चौकाघाट से पड़ाव और नमोघाट समेत अन्य जगहों पर 30 डबल साइड बैकलिट एलईडी यूनिपोल लगाए जा रहे हैं।

हनुमान जयंती : निकाली गई शोभा यात्रा, बड़ी संख्या में विहिप व बजरंग दल ने लिया भाग

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा। मऊआइमा में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शोभा यात्रा निकाला गया जिसमें बडी संख्या में विहिप, बजरंगदल, आर एस एस के लोगों ने भाग लिए।सुरक्षा के लिए बडी संख्या में पुलिस प्रशासन मौजूद रहे। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मरखामऊ स्थित खंड कार्यवाहक आर एस एस दिनेश कुमार मौर्या ने हनुमान जनमोत्स्व के शुभ अवसर पर आयोजित शोभा यात्रा में मुख्य अतिथि मुकेश कुमार प्रांत संगठन मंत्री विहिप काशी प्रांत ,जगत गुरू परमहंस आचार्य तपसी छावनी पीठाधीश्वर आयोध्या, जिला मंत्री सत्येंद्र मणी शुक्ल विहिप गंगापार, चाणक्य पीठाधीश्वर ब्रह्मर्षि सुदर्शन शरण महाराज पशुराम अखाड़ा प्रयागराज शोभा यात्रा के आयोजक खंड कार्यवाहक दिनेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में शोभा यात्रा मरखामऊ से शिवपुर ,छपाई बाग, थाना पडाव चौराहा होते ब्लाक तिराहे तक गया। फिर वहां से अपने गंतव्य को वापस लौट गया। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। इस मौके पर राकेश मौर्या , अतुल जायसवाल,, शिवपूजन अग्रहरि, अजय अग्रहरि, पंकज तिवारी, अशोक केसरवानी, राम कृष्ण, ग्राम प्रधान मोहम्मद पुर सराय अली अशोक कुमार विश्वकर्मा उर्फ गुड्डू, लवलेश ,अमन मौर्य,ल साहू आदि हजारों लोग शामिल हूए।

महुआपुर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

जंघई। चैत्र मास की पूर्णिमा के अवसर पर भगवान श्री राम के अनन्य भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव गुरुवार को हनुमान मंदिर महुआपुर में धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भक्तों का उत्साह दिखाई दिया दोपहर 12 बजे हनुमान जी की जन्म आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से हनुमान जी की आरती की और फिर प्रसाद का भोग लगाकर वितरण किया। श्रद्धालुओं ने राम भक्त हनुमान की पूजा अर्चना कर उनसे आशीर्वाद ग्रहण किया।इस अवसर राजकुमार दुबे, वीरेंद्र दुबे, आयुष तिवारी, विशाल दुबे, अनुज दुबे बिग्गु, विवेक दुबे, अभिषेक दुबे, विशाल तिवारी,अविनाश मिश्रा, शुभम दुबे, सुधांशु दुबे सचिन शर्मा सहित तमाम भक्तगण शामिल रहे।

हनुमान जी के जन्मोत्सव पर मंदिरों में उमड़ी भीड़

झूंसी। कलयुग के देवता कहे जाने वाले हनुमान जी का जन्मोत्सव गुरुवार को क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र के मंदिरों व घरों में लोगों ने हनुमान जी की पूजा, अर्चना की। झूंसी के पंचमुखी हनुमान मंदिर, 54 फीट हनुमान जी प्रतिमा, कोटवा स्थित मां अन्नपूर्णा बुड्ढी मइया मन्दिर पर हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष आयोजन किया गया। हनुमान जी को सिंदूर तेल का लेप लगा कर गेंदा, गुलाब के साथ तुलसी की माला से भव्य सिंघार कर मंदिर को रंग बिरंगी झालरों व सुगंधित फूलो से सजाया गया था। जिसके बाद सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ कर बजरंगबली की आरती उतारी गई। अबूसा मोड स्थित महावीर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में भी हनुमान जी का जन्मोत्सव उल्लास के साथ मनाया गया बच्चों ने सुंदरकांड का पाठ किया। संस्था के निदेशक इंजीनियर प्रणव त्रिपाठी ने बच्चों के साथ मिलकर हनुमान जी की आरती कर आशीष लिया।

जारी के बड़े हनुमान मंदिर में भंडरा सम्पन्न

जारी। जारी बाजार बड़े हनुमान मंदिर में राम नवमी के उपलक्ष्य पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बुधवार को भव्य भंडारे का आयोजन कर सैकड़ो की संख्या में लोगो को प्रसाद ग्रहण किया गया। के मंदिर के पुजारी बाबा बालक दास ने पूजा ,अर्चना के उपरांत हवन-यज्ञ संपन्न किया गया। साथ ही भगवान श्री राम ८ महादेव समेत सभी देवी देवताओ को भोग लगाया गया। इस दौरान मंदिर में भजन-कीर्तन के माध्यम से हनुमान जी की महिमा का गुणगान हुआ। कार्यक्रम की समापन पर सभी देवी देवताओं की आरती उतारी गई। घण्टो महिलाओं ने ढोल ,तासो की धुन पर भक्ति संगीत से भक्त झूमते रहे । जारी क्षेत्र के आस पास के श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने पहुँचे । सैकड़ो की संख्या में भक्त मौजूद रहे।

प्रमुख सचिव ने गौआश्रय स्थलों का किया निरीक्षण

चारा पानी के साथ साथ हो गौवंशो के लिए गर्मी से बचाव की हो व्यवस्था

अखंड भारत संदेश

गौशाला का निरीक्षण करते प्रमुख सचिव रूपेश कुमार

फूलपुर। गौआश्रय स्थलों की साफ-सफाई, पीने के पानी व हरे चारे व भूसे का प्रबंध प्रतिदिन हो रहा है कि नहीं यह सुनिश्चित करना स्थानीय अधिकारियों की जिम्मेदारी है। गर्मी के मौसम में गौआश्रय स्थलों पर छायें की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए बरसात में अधिक से अधिक पौधरोपण कर गर्मी से बचाव की व्यवस्था कराई जाय जिससे गर्मी के मौसम में भी गोवंश आसानी से पेड़ों की छांव में राहत महसूस कर सकें।यह बातें गुरुवार को फूलपुर क्षेत्र के मनेथू,कनेहटी व अरवासी मय बहादुरगढ़ गांवों में बनायें गये गौआश्रय स्थलों का निरीक्षण करने पहुंचे प्रयागराज जनपद के नोडल अधिकारी रुपेश कुमार प्रमुख सचिव माध्यमिक शिक्षा ने अधिकारियों से कहीं। प्रमुख सचिव सबसे पहले मनेथू गांव में सुबह 10:30 बजे के करीब पहुंचे। जहां उन्होंने गाय को गुड़ व केला खिलाया। हल्दी का तिलक लगाते हुए गौ माता को माला पहना कर दुलारा। चारा पानी व साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त देख उन्होंने परिसर में बड़े छायादार पेड़ लगाने की हिदायत देते हुए गोबर से कंपोस्ट खाद बनाने की बात कही। निरीक्षण कर लौट रहे विशेष सचिव से ग्राम प्रधान ने आश्रय स्थलों के लिए अलग से बजट की व्यवस्था कराने की बात कही। कहां की गौआश्रय स्थलों की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के कारण गांव का विकास नहीं हो पा रहा है। जिस पर नोडल अधिकारी ने शासन स्तर पर बात पहुंचाने की बात कही। ग्राम पंचायत अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मनेथू गांव के गौआश्रय स्थल में कुल 183 गोवंश को संरक्षित किया गया है। जिनकी देखभाल के लिए चार गौ सेवकों की नियुक्ति की गई है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, उपनिदेशक पशुपालन विजय कुमार वर्मा, एसडीएम फूलपुर सौरभ भट्ट, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार गहलोत, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अरविंद कुमार सिंह व डॉक्टर एसएन यादव, डॉक्टर अनिल कुमार यादव,खंड विकास अधिकारी सहसों संजीव कुमार रत्न, पशुधन प्रसार अधिकारी बलवंत वीर सिंह, ग्राम प्रधान सुषमा बिंद, कमलेश कुमार बिंद, ग्राम पंचायत अधिकारी राजेश कुमार सिंह, अशोक चौधरी, बाल कांत शुक्ला, राजकुमार सिंह सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

महरछा में गेहूं की खड़ी फसल में लगी आग 5 बीघा फसल जलकर हुई राख

जंघई। सरायममरेज थानांतर्गत महरछा ग्राम सभा मे पड़ोसी कठार गांव निवासी हरिश्चंद्र पांडेय पुत्र राम अभिलाष एवं राजकृष्ण पांडेय पुत्र कमलाशंकर के गेंहू की खड़ी फसल में अज्ञात कारणों से आग लग गई ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया तब तक हरिश्चंद्र की करीब दो बीघा और राजकृष्ण की करीब तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। हरिश्चंद्र पांडेय के पुत्र सुरेश पांडेय ने बताया कि करीब 11 बजे ग्रामीणों ने सूचना दिया कि आपके गेहूं के खेत में आग लग गई है हम लोग परिजनों के साथ दौड़ कर पहुंचें तो फसल जल रही थी ग्रामीणों ने प्रयास करके आग बुझाई लेकिन तब तक करीब दोनों लोगों की 5 बीघा खड़ी फसल जल कर राख हो चुकी थी। फसल जलने पर मायूसी एवं कष्ट दोनों किसानों के चेहरे पर साफ दिखाई पड़ा अपनी आंखों के सामने अपनी लागत, परिश्रम बर्बाद होता देखकर, क्योंकि कुछ दिनों बाद फसल की कटाई होने वाली थी कि अचानक फसल जलकर राख हो गई लेखपाल एवं प्रधान महरछा को सूचित कर दिया गया है।

भाजपा सरकार मजदूर किसान के हित में कर रही काम : राजमणि कोल

साधन सहकारी समिति महुली के अध्यक्ष सदस्य शपथ समारोह आयोजित

अखंड भारत संदेश

कोरांव। भाजपा विधायक कोराव राजमणि कोल ने समिति महुली के संचालक मंडल के निर्वाचित सदस्य और अध्यक्ष के शपथ समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार किसान मजदूरों के हित के लिए तेजी से कार्य कर रही है।

विधायक ने महुली सोसायटी के निर्वाचित अध्यक्ष अवध कुमार सिंह सहित अन्य सदस्यों को शपथ ग्रहण कराने के पश्चात कहा कि मेरे और ब्लॉक प्रमुख के स्तर से जो भी इस समिति के लिए जरूरत होगी इस क्षेत्र के लिए भी हम कृत संकल्प हैं। उन्होंने सरकार की नीतियों, उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो नारी शक्ति से लेकर हर वर्ग के लिए सबका साथ सबका विकास और सब का विश्वाश के तर्ज पर कार्य कर रही है। विधायक ने कहा कि पेयजल समस्या,गांवों के विकास तथा जन सुविधाओं के लिए कार्य कर रहा हूं। उन्होंने ओला और बारिश आंधी तूफान से बर्बाद हुई फसलों की क्षति पूर्ति के लिए संसद जी के और अधिकारियों के साथ बैठक ले कर रिपोर्ट सरकार के पास भेजवा दी गई है। जिनके कुछ पैसे आ गए और कुछ अभी और धन आना बाकी है। मुख्य मंत्री जी ने आपदा प्रभावित सभी गांवों के नष्ट हुई फसलों के किसान ऋण माफ किए जाने की भी घोषणा कर दी है। इसका लाभ किसानों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं के लिए में हर संभव प्रयत्न शील हूं। उन्होंने।निर्वाचित समिति के पदाधिकारियों से किसान और समिति के हितार्थ मिल जुल कर कार्य करने की सलाह दी। और सभी इलाकाई जनप्रतिनिधि ग्राम प्रधान, किसान, अधिवक्ताओं, नागरिकों का आभार जताया। ब्लॉक प्रमुख कोरांव मुकेश कुमार कोल ने समिति के छत विहीन गोदाम के लिए क्षेत्र समिति से निर्माण कार्य कराने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में नर सिंह केसरी चेयरमैन कोरांव,एमपी पांडे,राजीव प्रताप सिंह एडवोकेट छड़ीगड़ा, चंद्र कली कोल, भोला सिंह किसान यूनियन नेता मुरारी लाल मौर्य प्रधान, प्रधान संसारपुर मुख्तार अहमद, प्रधान सद्दाम, प्रधान लवकुश, शिवलाल कनोजिया, मोहम्मद लल्लन सिद्दीकी, राजेश तिवारीअशोक तिवारी,पूर्व प्रधान मुरलीपुर विजय शंकर मिश्र, रामबहादुर सिंह पटेल,संजय सिंह, रेवती पाल, लालजी निराला, राजेश मिश्रा, मुन्ना सिंह, जगजीवन सिंह एडवोकेट, महेंद्र सिंह लखनपुर दया शंकर मिश्र, जे पी सिंह शिवप्रसाद दूबे प्रधान अलहवा सहजादे, राम कृष्ण केसरी विधायक प्रतिनिधि रामाश्रय शुक्ला तमाम लोग उपस्थित रहे। संचालन बृजबिहारी मिश्र पूर्व सरपंच ने किया। अध्यक्षता पूर्व प्रिंसिपल वंश पति दुवेदी,ने किया। सभी अतिथियों का निर्वाचित समिति अध्यक्ष अवध कुमार सिंह ने माला पहना कर किया।

भाजपा के 44 वें स्थापना दिवस पर पार्टी का ध्वज फहराकर पीएम एवं व राष्ट्रीय अध्यक्ष के उद्बबोधन को कार्यकर्ताओ ने सुना

पार्टी स्थापना का उद्देश्य एक-एककर मोदी-योगी कर रहे हैं पूरा : रमाकांत विश्वकम

अखंड भारत संदेश

घूरपुर। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने पार्टी के 44वें स्थापना दिवस पर यमुनापार जिले का कार्यक्रम गुरूवार को घूरपुर के बादलगंज मे आयोजक भाजपा किसान मोर्चा काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष रमाकांत विश्वकर्मा के आवास पर आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती एवं कार्यकताओं ने सर्व प्रथम पार्टी का ध्वज फहराकर बन्दे मातरम गायन कर भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी व भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पं.अटल विहारी बाजपेई के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सभी जिला पदाधिकारीयों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के सम्बोधन को बड़ी एलईडी टीवी के माध्यम से देखा व सुना। जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती ने कहा पीएम मोदी के नेतृत्व में गौरवशाली नए शसक्त भारत का निर्माण हो रहा है। काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष रमाकांत विश्वकर्मा ने कहा पार्टी के स्थापना के उद्देश्य एक-एक कर मोदी-योगी अब पूरा कर रहे है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने बताया कि यमुनापार के 1533 बूथो पर कार्यकताओं ने अपने-अपने घरो पर पार्टी का ध्वज लगाकर स्थापना दिवस की एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। संचालन कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री राजेश शुक्ला ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शोभनारायण द्विवेदी, जय सिंह पटेल, राजेश्वरी तिवारी, ज्ञान सिंह पटेल, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी, जिला पदाधिकारी शिवराम सिंह परिहार, प्रकाश शुक्ल प्रचंड, विनोद प्रजापतिसुरेंद्र सिंह पटेल ,अनूप केसरवानी, सुरेश शुक्ला,शतीश विश्वकर्मा, जिला सह मीडिया प्रभारी आर के शर्मा, प्रदीप कुमार मिश्र,पुष्पराज सिंह पटेल, मोर्चा अध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल, सुधाकर पाण्डेय, सविता मिश्रा, कुशल जैन, बृजेश पांडेय, सरदार पतिविंदर सिंह, ब्लाक प्रमुख चाका अनिल सिंह, जिला पंचायत सदस्य सुरेन्द्र सिंह पटेल आदि के साथ भारी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मण्डल अध्यक्ष के साथ मनाया भाजपा का स्थापना दिवस

लालापुर ।यमुनापार प्रयागराज के मनकामेश्वर मंडल में बीजेपी मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकताओं ने पार्टी के स्थापना दिवस पर भाजपा का झंडा फहरा कर कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुना। भाजपा मंडल अध्यक्ष वंदना सिंह ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की साथ ही भाजपा मंडल अध्यक्ष किमो. अंकुश पाण्डेय अंश ने बताया की अब भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय सप्ताह की शुरूआत प्रत्येक मंडल में हो रही है तथा भाजपा कार्यकर्ताओ के लिए गर्व का विषय है कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। इसी तरह लालापुर में शंकरलाल पाण्डेय, भाजपा जिला प्रतनिधि शैलेंद्र पाण्डेय मनकामेश्वर मंडल महामंत्री ,अपने अपने घर पर झंडा लगा कर भारतीय जनता पार्टी दिवस बनाये। इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष वंदना सिंह, मंडल अध्यक्ष किमो. अंकुश पाण्डेय अंश, मन की बात प्रमुख विनोद पाण्डेय, नीरज पाण्डेय, उमेश चंद्र पाण्डेय, राहुल त्रिपाठी एवं अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अंधियारा छांटकर निकला सूरज : डॉ.भगवत

करछना। भारतीय जनता पार्टी के 43वां स्थापना दिवस पर हर्षोल्लास के साथ गुरुवार को पार्टी कार्यकताओं द्वारा मनाया गया।इस मौके पर क्षेत्र में जगह-जगह बूथ अध्यक्षों ने भी पूरे जोशो खरोश के साथ स्थापना दिवस मनाया। रामपुर गांव में जुटे युवाओं के बीच भाजपा नेता डॉ.भगवत पांडेय ने कहा कि आज के चार दशक पहले जनता पार्टी के पराभव के बाद जब पूरा देश विपक्षहीन और दिशाहीन हो चला था।ऐसे में पंडित दीन दयाल के सपनों को साकार करने का संकल्प लेकर जननायक और भारत रत्न अटल जी ने भाजपा की स्थापना की थी।आज अंधेरा छटा है, सूरज निकला है और उनके सपनों को साकार करता भारत विशव गुरू की राह पर चल निकला है।जिसे लेकर हर भारतवासी गौरवान्वित है। अध्यक्षता बूथ अध्यक्ष सतीश मिश्र ने की।इसके पूर्व कार्यकताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत का संकल्प लिया। मौके पर अशोक विश्वकर्मा शिव शुक्ला,शिवम तिवारी,मानिकचंद ओझा, विजय पाल,कमलेश पांडेय,राकेश पांडेय, अतुल तिवारी,मुरारी,सुनील प्रजापति दयाशंकर बिंद समेत कई लोग मौजूद रहे

झण्डा फहराकर मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

सहसों। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सहसों कार्यालय पर मण्डल अध्यक्ष अनिल कुमार सरोज की अध्यक्षता में गुरुवार को सुबह पार्टी का झण्डा फहरा कर स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अमरनाथ तिवारी पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा गंगापार ने संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए पार्टी का झण्डा फहराया। उन्होंने कार्यालय पर स्थापना दिवस के अवसर पर उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के स्थापना से लेकर अब तक पार्टी के रीति नीति व एजेंडा के बारे विस्तृत रूप से जानकारी दिया एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभिभाषण को उपस्थिति सभी कार्यकताओं सहित टीवी लगा कर सुने। मौके पर उपस्थित बीरेन्द्र बहादुर सिंह पूर्व जिला उपाध्यक्ष गंगापार एवं अध्यक्ष भूमि विकास बैंक फूलपुर ने भी अपने संबोधन में भाजपा की देश एवं प्रदेश में चल रही सरकार की उपलब्धियों के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। इसी तरह मण्डल सहसों के चिरौड़ा शक्ति केंद्र पर प्रमुख सहसों गीता सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने भी पार्टी के संस्थापक को नमन के साथ झन्डारोहण कर स्थापना दिवस मनाया तथा शक्ति केंद्र बगई खुर्द पर नरेन्द्र कुशवाहा सहित सहसों मण्डल के सभी 18 शक्ति केंद्रों पर पार्टी का झण्डा फहराकर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राजधर दूबे, सत्यम हिन्दू , पवन कुमार शुक्ला, रंजना परिहार, संजय सिंह, चंद्रेश केसरवानी, संतोष सिंह, अमन सिंह राजपूत, राजेश सरोज, संजय आर्मी, विमल मिश्रा, डॉ शेखर मालवीय, लाल जी गौतम, सुभाष शुक्ला, जीतेन्द्र पटेल, महेश सिंह,रामसुधार बिन्द, मनोज तिवारी, राकेश विश्वकर्मा, अंकित सरोज, लवकुश बिन्द, सतीश कुमार,जीतेन्द्र तिवारी, उमाशंकर तिवारी, अमित राम शुक्ला, प्रमोद शुक्ला, मुन्ना दूबे, रंजन तिवारी, दीनानाथ पटेल, शिवशंकर दूबे, नन्दलाल भारतीया, श्याम बिन्द, पुष्कर सिंह, राजकुमार जयसवाल सहित आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

न्यूज झरोखा

शिव मंगल ग्रामोदय कालेज मड़वा का घोषित किया गया वार्षिक परीक्षा फल

करछना। क्षेत्र के शिवमंगल ग्रामोदय इंटर कॉलेज मडवा में बुधवार को सत्र 2022-23 का वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक देवी प्रसाद यादव व प्रधानाचार्य अतुल कुमार त्रिपाठी ने कक्षा 1 से लेकर 11 तक के प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को अंक पत्र एवं पारितोषिक प्रदान कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया । कॉलेज के प्रधानाचार्य अतुल कुमार त्रिपाठी ने नए शैक्षणिक सत्र में बच्चों से शीघ्र प्रवेश लेने हेतु अपील भी की। इस मौके पर रामानंद, धनंजय कुमार, राहुल सिंह राणा ,मुकेश कुमार, आलोक कुमार, राघवेंद्र यादव ,मोहनलाल, विजय द्विवेदी उपासना मिश्रा, राधा यादव आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं लोग मौजूद रही।

सात छात्रों का के.एच.वाई. इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड में कैंपस प्लेसमेंट में हुआ चयन

करछना। बैदौ स्थित प्रयाग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट मे बीटेक इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट मे सात छात्रों का चयन से छात्रों मे हर्ष का माहौल है। गत दिनो चल रहे कैंपस सेलेक्शन मे के.एच.वाई. इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड मे बीटेक इलेक्ट्रिकल के अभिषेक कुमार प्रजापति , रवि शंकर पटेल, मुकेश कुमार, प्रियांशु कुमार , अनूप मिश्रा, सुनील कुमार कन्नोजिया, एंव अदिति दिवेदी का चयन हुआ है । दो चरणों मे सम्पन्न इस कैंपस प्लेसमेंट मे प्रथम चरण कॉलेज मे जबकि दूसरा चरण ऑनलाइन मोड मे सम्पन्न हुआ। इस मौके पर कॉलेज के चेयरमैन श्री ज्ञान सिंह पटेल एवं सचिव श्री विकास सिंह ने छात्रों को ऑफर लेटर प्रदान कर उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर संस्था के निदेशक डॉ एस सी तिवारी , कुलसचिव श्री आशीष तिवारी और ट्रेनिंग प्लेसमेंट हेड सुप्रिया श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

माधवेन्द्र इं.कालेज में किया गया प्रतिभा सम्मान का आयोजन

करछना। के माधवेंद्र इंटरकालेज बरांव में वार्षिक परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्र व छात्राओं के उत्साहवर्धन हेतु प्रतिभा सम्मान समारोह बृहस्पतिवार को आयोजित हुआ। जिसमें मेधावियों को पुरस्कृत कर उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षक कमला कुमार मिश्र व विद्यालय के शिक्षक बुलबुल यादव की मौजूदगी में मेधावियो में प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। कालेज के प्रधानाचार्य देवप्रकाश यादव की ओर से होनहार बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई । साथ ही साथ उन्हें आशीर्वचन भी प्रदान किया गया । इस मौके पर दिलीप कुमार शर्मा, भुवनेश्वर प्रसाद पाण्डेय, शशिकांत पाण्डेय, प्रभात कुमार, दिनेश विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार दूबे, शिप्रा सिंह,प्रतिभा, अजीत कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

शिविर में छात्रों ने किया 44 यूनिट रक्तदान

नैनी। यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट नैनी, प्रयागराज के बी.बी.ए-बी.सी.ए विभाग की राष्ट्रीय सेवा योजना शाखा ने महाविद्यालय में सात दिवसीय विशेष शिविर के अन्तर्गत अंतिम दिन रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया प्राचार्य डॉ देवेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि शिविर में सभी छात्र एवं छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और 44 यूनिट रक्तदान किया। उन्होंने सभी छात्र -छात्राओं को रक्त दान के महत्व को समझाया और इस पावन कार्य में भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया। कहा कि रक्त दान महादान है मुख्य अतिथि यूनाइटेड इंस्टिट्यूट ऑफ फॉमेर्सी, नैनी के प्रो आलोक मुखर्जी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के 23 मार्च से 29 मार्च, 2023 तक चले इस विशेष शिविर में आयोजित विविध सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस विशेष शिविर से छात्रों को समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्य का बोध होगा। यूनाइटेड मेडिसिटी अस्पताल, रावतपुर के डॉ प्रेम शंकर मौर्य ने रक्त की बढ़ती मांग के बारे में जानकारी दी और नौजवान पीढ़ी को इस कार्य में आगे आने की सराहना की। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं अन्य प्राध्यापक गण भी उपस्थित थे।

छात्रों ने स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली रैली

करछना। ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय अंतहिया में सर्व शिक्षा अभियान के तहत स्कूल चलो अभियान की रैली बृहस्पतिवार को निकाली गई। जिसमें विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रैली में उत्साह पूर्वक शिरकत करते हुए रैली गांव में चतुर्दिक भ्रमण की। वही स्कूली बच्चों की ओर से स्लोगन में लिखे गये सर्व शिक्षा अभियान के अनेक नारे भी लगते रहे । जगह जगह रैली की अगुवाई कर रहे। नोडल शिक्षक लव कुश पांडेय ने अभिभावकों से एक अप्रैल से शुरू हुए शैक्षणिक सत्र में अपने बच्चों के शीघ्र प्रवेश कराए जाने की अपील की। रैली में शामिल प्रमुख लोगों में नोडल शिक्षक लव कुश पांडेय विद्यालय की प्रधानाध्यापिका इशरत परवीन शिक्षामित्र गुंजन व संजय आदि लोग शामिल रहे। इसी प्रकार करछना ब्लॉक के ही पूर्व माध्यमिक विद्यालय बसही में खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार त्रिपाठी के निर्देश पर बृहस्पतिवार को स्कूल चलो अभियान की रैली धूमधाम से बैंड पार्टी के साथ विद्यालय के स्काउट गाइड, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य और अभिभावकों के साथ सभी बच्चे और शिक्षकों ने नारे लगाते हुए निकाली। कोई न छूटे अबकी बार शिक्षा है सबका अधिकार , दीप से दीप जलाएंगे साक्षर देश बनाएंगे। आदि नारों को लगाते हुए गांव के मोहल्ले , मजरे , बस्ती आदि से होते हुए बसही बाजार में सभीं को प्रेरित करते हुए रैली विद्यालय पहुंची। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रमिला शर्मा शिक्षक आइस्ता मकसूद प्रियंका पांडेय अनुदेशक राजेश यादव सहित बच्चे व अभिभावक लोग शामिल रहे।

कंपोजिट विद्यालय गढ़वा के बच्चों ने निकाली जागरुकता रैली

शंकरगढ़। विकास खंड शंकरगढ़ के कंपोजिट विद्यालय गढ़वा के बच्चों ने गांव में जागरुकता के लिए रैली निकाली। विद्यालय परिसर से निकली रैली पूरे गांव में घूमी। रैली में शामिल शिक्षकों ने अभिभावकों से मिलकर शिक्षा का महत्व समझाया। शिक्षा के जरिए जीवन में होने वाले बदलावों की जानकारी दी। प्रधानाध्यापक राम सिंह ने कहा कि किसी के भी जीवन को संवारने में शिक्षा का अहम रोल होता है। इसलिए बच्चों को शिक्षा जरूर दिलवाएं। सभी लोग अपने-अपने बच्चों को नजदीकी विद्यालयों में भेजें। कहा, शिक्षा मानव के लिए वरदान है, कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। स्कूल से निकली रैली गढ़वा किला, चक गढ़वा गांवों का भ्रमण किया। रैली में खाना बनाने वाली रसोइया ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। बच्चों ने ह्यघर-घर विद्या दीप जलाओ, अपने बच्चे सभी पढ़ाओह्न, ह्यबच्चे मांगे प्यार दो, शिक्षा का अधिकार दोह्न, कोई न छूटे अबकी बार, शिक्षा है सबका अधिकारह्न और मम्मी पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल में चलकर नाम लिखवाओह्न जैसे नारे भी लगाए। रैली में प्रधानाध्यापक राम सिंह के साथ सहायक अध्यापक दीप्ति, ज्ञानेंद्र सिंह, सारिका, विनोद कुमार, संतोष कुमार, वीर बहादुर सिंह समेत ग्रामीण भी शामिल हुए।

खबर संक्षेप

छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

नैनी। थाना क्षेत्र के लोकपुर चौराहे के पास एक छात्रा ने फांसी लगाकर खुदखुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लोकपुर छेद्दन कबाड़ी चौराहे पर रहने वाली सोनम यादव 22 पुत्री अरविन्द सिंह यादव दो बहन एक भाई में सबसे छोटी थी। गुरुवार की सुबह उसकी कमरे में पंख से सहारे साडी के फंदे से लटकती हुई लाश पाई गई। मां कमरे में गई तो उसके होश उड़ गए। सोनम बीटीसी कर रही थी। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी जेल रोड सुमित त्रिपाठी ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोनम कई दिनों से अपनी बीमारी को लेकर परेशान चल रही थी।

आरोपी को नैनी की पुलिस ने किया गिरफ्तार : नैनी पुलिस ने तमंचे की बट से मार कर घायल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह के नेतृत्व में चौकी इंचार्ज छिवकी मनीष कुमार ने पैसे के लेन देन को लेकर तमंचे की बट से मारकर व्यक्ति को घायल करने वाले आरोपी अभियुक्त अनिल निषाद पुत्र ओम प्रकाश निषाद निवासी लवायन कला थाना औद्योगिक क्षेत्र को थाना नैनी को गिरफ्तार कर कब्जे से एक तमंचा .315 बोर व 03 जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद किये गये।उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नैनी में अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

भाजपा नेता की गाड़ी पर बमबारी से, मचा हड़कंप

अखंड भारत संदेश

झूंसी। भाजपा नेत्री थानपुर की प्रधान विजयलक्ष्मी चंदेल की गाड़ी पर गुरुवार की रात उस वक्त बम से हमला हुआ जब उनका बेटा गाड़ी चला रहा था। दो बाइक से आए चार युवक गाड़ी पर बम फेंक फरार हो गए। भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई बम बाजी से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में दिखे हमलावरों की तलाश कर रही है। प्रधान अपने परिवार के साथ झूंसी के न्यायनगर कालोनी में रहती है। गुरुवार की रात ग्राम प्रधान विजयलक्ष्मी चंदेल का बेटा विधान सिंह अपने एक दोस्त प्रियांशु यादव के साथ सफारी गाड़ी से आवास विकास योजना 3 अपने रिश्तेदार के यहां गया था। दो बाइक से आए चार युवकों जोकि अपना चेहरा ढके थे। गाड़ी पर बम मार कर फरार हो गए। बम के धमाके से मौके पर दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला फुटेज में दिखे बमबाजो की तलाश चल रही है। भाजपा नेता की गाड़ी पर बमबारी की सूचना मिलते ही भारी संख्या में भाजपाई झूंसी थाने पर पहुंच गए प्रधान पुत्र ने हवेलिया के रहने वाले एक युवक पर हमले का आरोप लगा रहा था पुलिस की मानें तो पहले भी इन दोनों का विवाद हो चुका है। आरोपी सिपाही का बेटा है जब सिपाही को घटना की जानकारी हुई तो वह भी अपने दर्जन भर लोगों के साथ थाने पर पहुंच गया खबर लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई थी।

प्रयागराज में कोरोना के 19 एक्टिव केस

10 और 11 अप्रैल को होगा माकड्रिल, स्वास्थ्य विभाग ने बढ़ाई सैंपलिंग

प्रयागराज। प्रयागराज में एक बार फिर कोरोना का खतरा बढ़ने लगा है। जनपद में अभी कोरोना के 19 एक्टिव केस हैं। सभी मरीज होम आइसोलेट हैं। कोरोना के केस बढ़ने पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से तैयारियां भी की जा रही है। शहर के बड़े सरकारी अस्पतालों में मॉकड्रिल भी कराई जाएगी।जिसमें यह देखा जाएगा कि कोरोना मरीजों के इलाज के लिए अस्पताल कितना तैयार है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों का आह्वान भी किया जा रहा है कि वह कोविड से बचाव को ध्यान में रखते हुए भीड़ में जाएं। कोरोना के संदिग्ध मरीजों की सैंपलिंग भी बढ़ाई जा रही है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों की जांच हो सके।

जानिए, कहां करा सकते हैं कोविड जांच : वर्तमान में कोविड-19 जांच के लिए शहर में 02 केंद्र (तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय एवं रज्जु भैय्या यूनिवर्सिटी) क्रियाशील हैं। प्रमुख स्थानों (बस अड्डा, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, दारागंज) में 4 सैंपलिंग टीम कार्यरत है। ग्रामीण इलाकों में सभी 21 ब्लॉक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कोविड-19 जांच की सुविधा उपलब्ध है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशु पांडेय ने बताया कि शासन के आदेश के अनुरूप 10 एवं 11 अप्रैल को माकड्रिल जनपद के सभी कोविड-19 पंजीकृत सरकारी चिकित्सालयों में की जाएगी। सभी ग्रामीण एवं शहरी चिकित्सालयों एवं कोविड-19 जांच केंद्रों को आदेशित किया गया है कि चिकित्सालय में आने वाले सभी कोविड-19 लक्षणयुक्त व्यक्तियों को चिह्नित करते हुए उनकी कोविड-19 जांच करना सुनिश्चित करें।

न्यूज झरोखा

सीएम ने दी 8731 करोड़ की सौगात, हुआ सीधा प्रसारण

शंकरगढ़। नगर विकास विभाग के द्वारा गुरुवार को सूबे के सभी जनपदों को आठ हजार करोड़ रुपये की सौगात सौंपी गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर विकास विभाग के कुल 8731 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान विकासपरक कई पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। राजधानी में आयोजित इस कार्यक्रम में सीधा प्रसारण जिला मुख्यालय के साथ-साथ जनपद के विभिन्न नगर पंचायतों में किया गया। नगर पंचायत शंकरगढ़ में मुख्यमंत्री द्वारा योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर विकास विभाग के द्वारा गरीबों के लिए चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी, विकास परक योजनाओं से अवगत कराया। सीएम ने आवास, खाद्यान्न, शौचालय, स्ट्रीट वेंडर लोन आदि की जानकारी दी। पूर्व चेयरमैन लल्लू कनौजिया ने नगर पंचायत शंकरगढ़ में करवाए गए विकास कार्यों से लोगों को अवगत कराया। इस मौके पर कनिष्ठ लिपिक प्रियंका गौतम, कंप्यूटर ऑपरेटर अमित सिंह, अखिलेश, मनीष, अमित यादव, पूर्व सभासद सुखराम, सुजीत केसरवानी, रणकेंद्र केसरवानी, बल्लू केसरवानी समेत तमाम स्थानीय लोग मौजूद रहे।

सिंचाई विभाग स्टेनोग्राफर संघ के चुनाव में इंद्र बहादुर सिंह अध्यक्ष व संयुक्त मंत्री सुनील कुमार निर्वाचित

सोरांव। गुरुवार को उत्तर-प्रदेश सिंचाई विभाग, स्टेनोग्राफर संघ जनपद शाखाझप्रयागराज में दिनांक गुरुवार को मतदान किया गया। चुनाव घनश्याम पाण्डेय (पूर्व जनपद अध्यक्ष) की अध्यक्षता में प्रयागराज स्थित सिंचाई कालोनी गोविंदपुर संघ भवन में सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया। मनोनयन उपरान्त इन्द्र बहादुर सिंह अध्यक्ष व अशोक कुमार विश्वकर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष व छेदी लाल उपाध्यक्ष व अशोक कुमार पाण्डेय मंत्री व राम शंकर संगठन मंत्री व सुनील कुमार संयुक्त मंत्री व अरबिन्द उमर कोषाध्यक्ष एवं दीक्षा यादव सम्प्रेक्षक के पद पर निर्वाचित हुए। निर्वाचन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद शाम लगभग 5 बजे सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने विभाग के सभी कर्मचारियों को हर सुख दुख में साथ रहने का वचन दिए। वही संयुक्त मंत्री पद पर निर्वाचित सुनील कुमार सरोज ने कहा कि मैं अपने सर्विस के दौरान यदि हमारे साथ में कार्य कर रहे वरिष्ठ व कनिष्ठ साथियों का सहयोग मिलता रहेगा तो इस संगठन को हमेशा आगे बढ़ाने के लिए तत्पर रहूंगा। अध्यक्ष संग सभी निर्वाचित पदाधिकारियों ने एक दूसरे को फूलों की माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर एक दूसरे से गले मिले।

20 करोड़ की अवैध प्लाटिंग पर चला बुल्डोजर

नैनी। औद्योगिक क्षेत्र में प्रयागराज विकास प्राधिकरण के जोनल अधिकारी बीपी सिंह,भवन निरीक्षक कुंवर आनंद, जेई रंग बहादुर दुबे के नेतृत्व में गुरुवार को औद्योगिक क्षेत्र के नेवादा समोगर इलाके में 20 करोड़ रूपए कीमत की लगभग 20 बीघे से अधिक में हो रही अवैध प्लाटिंग को जेसीबी से ध्वस्त कराया गया। पीडीए के अधिकारियों के मुताबिक जमीन पर बिना लेआउट पास कराए प्लाटिंग की जा रही थी। कार्रवाई में पीडीए प्रवर्तन दल औद्योगिक क्षेत्र की पुलिस फोर्स मौजूद रही।

कच्चे मकान पर अनियंत्रित होकर पलटी भूसा लदी मालवाहक, बाल-बाल बचे परिवार के लोग

नैनी थाना क्षेत्र के जेलरोड चौराहे के पास गुरुवार भोर में हुआ हादसा

नैनी। थाना क्षेत्र के जेलरोड चौराहे के पास गुरुवार भोर भूसा लदी मालवाहक अनियंत्रित होकर एक कच्चे मकान मे पलट गई। वहां सो रहे लोग बाल-बाल बच गए। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और भूसे की गाड़ी को सीधी कर घर के सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान वहां खड़ा ईरिक्शा चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गया जेल रोड चौराहे पर रहने वाले मंसूर अहमद उर्फ बोतल ईरिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते है। कुछ दिन पूर्व उसके घर के पास पाइप लाइन बिछाने के लिए गड्ढा खोदा गया था। उसे मिट्टी डाल कर पाट दिया गया। बरसात के कारण मिट्टी बैठ गई। गुरुवार एक मालवाहक पर ओवर लोड भूसा लाद कर नैनी जेल रोड की ओर जा रही थी। जैसे ही चौराहे के पास मालवाहक पहुंची अनियंत्रित होकर कच्चे मकान में पलट गई। गनीमत रही कि वहां ईरिक्शा खड़ा था। जिससे मालवाहक का पूरा भार ईरिक्शा पर आ गया। इस दौरान वहां सो रहे मंसूर समेंत परिवार के अन्य सदस्य वहां से अपनी जान बचाकर बाहर आ गए। शोर सुनकर आसपास के लोग मौक पर पहुंच गए और मालवाहक के ड्राइवर अनमोल केसरी निवासी कोरांव का पकड़ लिया और उसकी धुनाई कर दी। इस हादसे में ईरिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मंसूर के मुताबिक एक लाख से ज्यादा की क्षति हुई है।

शुआट्स अधिकारियों की गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

अखंड भारत संदेश

नैनी। फतेहपुर कोतवाली में धर्मान्तरण के सम्बन्ध में दर्ज सभी मुकदमों में शुआट्स अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को राहत प्रदान करते हुए गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी एस.बी. सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि फतेहपुर धर्मान्तरण प्रकरण से शुआट्स अधिकारियों का कोई सम्बन्ध नहीं है। शुआट्स के एक बर्खास्त कर्मचारी एवं कतिपय असामाजिक तत्वों द्वारा शुआट्स अधिकारियों को फंसाने का षड्यन्त्र किया गया था। इस सम्बन्ध में शुआट्स अधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका संख्या 141/2023 दाखिल की थी। बृहस्पतिवार को मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी.वाई. चन्द्रचूण की बेन्च ने फतेहपुर में दर्ज धर्मान्तरण के सभी मुकदमों में शुआट्स अधिकारी कुलाधिपति डा. जे.ए. ओलीवर, प्रति कुलपति प्रो0 सुनील बिहारी लाल, प्रति कुलपति प्रो0 जोनाथन ए0 लाल, प्रो0 ए के ए लॉरेंस, डा अमित कुमार मसीह, डा. सुधा लाल, प्रो. डेरिक एम0 डेनिस, रेव्ह. डेविड फिलिप्स, प्रो0 रंजन ए. जौन, डा. रमाकान्त दूबे, डा. स्टीफन दास, प्रो0 रानू प्रसाद, इंजी0 सी0जे0 वेस्ली की गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए उ0प्र0 सरकार को नोटिस जारी किया। विदित हो कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व में कुलपति प्रो0 राजेन्द्र बिहारी लाल एवं निदेशक प्रशासन विनोद बी. लाल के खिलाफ कार्रवाई पर पहले ही रोक लगाई जा चुकी है। प्रवक्ता एस.बी. सिंह ने कहा कि शुआट्स को भारतीय संविधान एवं न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है। शुआट्स अधिकारी निर्दोष हैं उन्हें फंसाने का षड्यन्त्र किया जा रहा है, हमें न्याय अवश्य प्राप्त होगा।

ट्रेन से कटे युवक की शिनाख्त निर्देश कुमार शर्मा के रूप में हुई

मऊआइमा। बुधवार को देर शाम पैसेंजर ट्रेन से कटे युवक की शिनाख्त एक विज्ञिप्त के रूप में हुई। पोस्टमार्टम के बाद शव का परिजनों ने अन्तिम संस्कार कर दिए। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम लोकापुर विशानी के निकट एक युवक का शव क्षत विक्षत हालत में बुधवार को शाम के समय प्रयागराज लखनऊ पैसेंजर ट्रेन से कट कर हुई थी। जिसके कई टुकड़े हो गए थे। गुरूवार को परिजनों ने पीएम हाउस पहुंच कर उसकी शिनाख्त कर ली। जिसका नाम निर्देश कुमार शर्मा 25 वर्ष पुत्र रामजीत शर्मा निवासी रघुनाथपुर हरदुआ थाना सोरांव के रूप में हुई । परिजनों और पुलिस के अनुसार उसका मानसिक स्थिति काफी दिनों से खराब चल रहा था। पुलिस के मुताबिक वह रेलवे ट्रेक पर काफी देर बैठा था। जिससे वह ट्रेन की जद में आ गया।

मतदाता सूची में गड़बड़ी पर जताई आपत्ति

झूंसी। नगर निगम चुनाव आरक्षण सूची जारी होने के बाद 6 अप्रैल तक आपत्ति मांगी गई थी। झूंसी हवेलिया में मतदाता सूची में गड़बड़ी की आपत्ति दर्ज कराई गई है। मतदाता सूची में गड़बड़ी की आपत्ति पहले भी दर्ज कराई गई थी पर मतदाता सूची को दुरुस्त नहीं किया गया। वार्ड 52 गंगा दीप हवेलिया निवासी अधिवक्ता विनय सिंह ने बुधवार को मतदाता सूची की गड़बड़ी की आपत्ति दर्ज कराते हुए बताया कि वार्ड 52 हवेलिया गंगा दीप कॉलोनी के मतदाताओं का नाम वार्ड 45 छतनाग में जोड़ दिया गया है। जिसकी शिकायत नवंबर 22 भी दर्ज कराई गई थी जांच तो हुई पर मतदाता सूची में कोई बदलाव नही हुआ। उन्होंने आपत्ति दर्ज कराते हुए मांग की है कि 52 हवेलिया गंगा दीप के मतदाताओं को वार्ड 45 छतनाग से संशोधित कर वार्ड 52 हवेलिया में जोड़ा जाय।

जीताऊ और टिकाऊ प्रत्यशियों का चयन करेगी सपा : पप्पू लाल निषाद

मेयर प्रत्यासी के तौर पर सामने आ रहा है बब्बन दुबे एवं नंदलाल नंदा का नाम

अखंड भारत संदेश

नैनी। समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष पप्पूलाल निषाद ने आज यहां कहा कि समाजवाद के प्रबुद्ध प्रणेता स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की जनकल्याणकारी नीतियों को अखिलेश यादव के नेतृत्व में पूरी मजबूती से जन-जन तक पहुंचाना है समाजवादी पार्टी की नीति है।स्थानीय निकाय चुनाव में पार्टी जीताऊ और टिकाऊ प्रत्याशियों का चयन करेगी। उन्होंने कहा कि समाज का हर वर्ग शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार तथा आर्थिक विकास के लिए समाजवादी पार्टी की ओर टकटकी लगाए देख रहा है, इसलिए समाज के हर तबके का सहयोग समाजवादी पार्टी को चाहिए। समाजवादी पार्टी प्रयागराज के नवनियुक्त यमुनापार जिला अध्यक्ष पप्पू लाल निषाद नैनी में प्रथम आगमन पर स्वागत समारोह में बोल रहे थे जमुनापार नैनी में विभिन्न स्थानों पर स्वागत समारोह की कड़ी में सब्जी मंडी के समीप अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व जिला अध्यक्ष मजदूर सभा समाजवादी पार्टी प्रयागराज दिवाकर सिंह यादव के आवास के सामने स्वागत सभा आयोजित की गई। दिवाकर सिंह यादव ने कहां की आगामी निकाय चुनाव तथा 2024 के लोकसभा चुनाव में पप्पू लाल निषाद की नियुक्ति गुणात्मक भूमिका अदा करेग इस अवसर पर मेयर पद के संभावित प्रत्याशी नंदलाल नंदा ने लोगों से तन मन से समाजवादी पार्टी की नीतियों को मजबूती से प्रसारित करने की बात कही स्वागत सभा में शिव प्रसाद यादव सुभाष चंद केसरवानी विनय बाबा, इश्तियाक हैदर , अरैल से सभासद प्रत्याशी प्रिय राज यादव ,छोटे लाल शर्मा ,जगदीश यादव , ई० लालमणि यादव, लालचंद यादव , शिवा सिंह यादव, (शिवम्), पप्पू पटेल, मुन्ना मास्टर ऋषिकांत यादव, अजय बिंद,बच्चा लाल यादव, ई ०जगदीश यादव,सत्यभामा मिश्रा, अशोक गुप्ता ,समीर पांडे,संजीव यादव ,गुड्डू पासी ,मुजीब नसीब ननकाई यादव ,विजय कुशवाहा देवचंद्र यादव आदि ने स्वागत भाषण दिया।इस दौरान लोक गायिका रोशनी मौर्या ने लोकप्रिय सामाजिक गीतों से समा बांधा जिसका लोगों ने खूब आनंद उठाया स्वागत सभा का संचालन राजेश कुमार यादव ने किया। वहीं क्षेत्र में समाजवादी पार्टी से वरिष्ठ सपा नेता एंव समाजसेवी बब्बन दुबे का नाम मेयर प्रत्यासी के तौर पर सामने आ रहा। अब पार्टी यह तय करेगी कि वह प्रयगराज से किसको अपना प्रत्यासी चुनती हैं।

शॉर्ट सर्किट से कास्मेटिक की दुकान में लगी आग लाखों का सामान जला

करछना। थाना क्षेत्र के चंदौली गांव में शॉर्ट सर्किट के कारण किराना व कॉस्मेटिक की दुकान में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासी भोलानाथ पटेल बेटे के साथ मिलकर घर से 500 मीटर की दूरी पर किराना एवं कॉस्मेटिक की दुकान खोल रखी है। बुधवार रात दस बजे के करीब रोजाना की तरह दुकान बंद कर दोनों घर के लिए चले गए थे। उसी दरमियान देर रात 11:30 बजे के करीब दुकान में आग लग गई। कमरे के अंदर से आग की लपटें निकलता देख आसपास में रह रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। बस्ती से दुकान दूर होने के कारण शोर शराबा सुनकर जब तक ग्रामीण इकट्ठा होते और पानी डालकर आग पर काबू पाते तब तक आग तीव्र धारण कर चुका था। सूचना होने पर घंटों बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। वही आग के कारण मकान की दो दीवारें भी टूट कर धराशाई हो गई। पीड़ित भोला नाथ पटेल ने बताया कि गर्मी का दिन होने के कारण व्यवसाय बढ़ाने के लिए दों दिन पूर्व ही 24 हजार रुपए का फ्रिज एवं 12 हजार रुपए का ठंडा भी मंगाया था। जहां दोनों दुकान को मिलाकर लगभग पांच लाख रुपए तक का नुकसान हुआ है।

सीएचसी शंकरगढ़ में स्वास्थ्य मेला आज

शंकरगढ़। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस से लेकर बाबा साहब अंबेडकर की जयंती तक मनाए जा रहे सामाजिक न्याय सप्ताह के तहत भाजपा के द्वारा विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सात मार्च, दिन शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ में हेल्थ कैंप लगाया जाएगा। सीएचसी में सुबह 10 बजे से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष संदीप सिंह ने बताया यह स्वास्थ्य शिविर पूरी तरह से निशुल्क है। इसमें सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा सकते हैं।

मसूरिया धाम पर भंडारे में उमड़े भक्त

झूंसी। बजहा मसूरिया धाम पर साप्ताहिक लक्ष्मी नारायण यज्ञ व कथा का गुरुवार को समापन हुआ। समापन के अवसर पर आयोजित भंडारे में भक्तो की भारी भीड़ रही। विश्व शंति एवं कल्याण के लिए बजहा मसूरिया धाम पर महेशानन्द महराज के सानिध्य में विगत छह दिनों से लक्ष्मी नारायण यज्ञ एव कथा चल रही थी। गुरुवार को समापन हुआ। जिसके बाद माह प्रसाद का आयोजन किया गया। आचार्य रवि कृष्ण महाराज , मुख्य जजमान धर्म राज सिंह उर्फ बच्चा सिंह , ग्राम प्रधान सरोज सिंह, राजेश सिंह पूर्व प्रधान, माला सिंह, धर्मेंद्र पाल, आनन्द तिवारी, संजय दुबे, शिवम् तिवारी, केशरी तिवारी आदि व्यवस्था में लगे रहे।

आमजन को निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो सरकार कृत संकल्प : प्रवीण पटेल

अखंड भारत संदेश

सहसों। सरकार द्वारा प्रदेश के हर घर में शहरों की तरह ग्रामीण अंचलों में भी 24 घंटे निर्बाध विद्युत की आपूर्ति हो इसके लिए हर तरह से विद्युत स्टेशनों को अच्छी से अच्छी आपूर्ति के लिए हाईटेक किया जा रहा है। इसी तरह क्षेत्र के मलावां सहसों उप विद्युत स्टेशन को नौ करोड़ की लागत से बनने वाले मलावां न्यू पावर हाउस से क्षेत्र के 30 गांव को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किया जाना है। गुरुवार को मलावां सहसों में मलावां न्यू पावर हाउस का आचार विद्वान द्वारा विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रों से भूमि पूजन क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल एवं मुख्य अभियंता विद्युत विनोद कुमार ने किया। इस मौके पर विधायक ने कहा भाजपा सरकार में उपभोक्ताओं को शहरों की तरह ग्रामीण अंचलों में भी अच्छी से अच्छी सुविधा अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति के साथ सभी योजनाएं हर घर तक पहुंचे इसके लिए सरकार कृत संकल्प है। इसी कड़ी में यह एक बड़ी परियोजना का कार्य शुरू हुआ है। जिससे उपभोक्ताओं को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर एक्सईएन माध्यमिक राजेश कुमार मौर्य, उपखंड अधिकारी पवन कुमार सिंह, उपखंड अधिकारी जानपद मनीष कुमार दूबे, उपखंड अधिकारी माध्यमिक कार्य खंड कमर फारूक, राम कुमार उमर तथा जेई इंद्रेश यादव ने बताया कि नौ करोड़ की लागत से बन रहे पांच एमवीए वितरण क्षमता वाला मलावां न्यू पावर हाउस से क्षेत्र के मलावां खुर्द, मलावां बुजुर्ग, ईसीपुर, परैयापार, हसनपुर, कसेरुआ कला, कसेरुआ खुर्द, रहिमापुर, शेरडीह, बरियारी, रामापुर, अमरसापुर, सुल्तानपुर, गोतावां, मनिकापुर तथा सहसों बाजार सहित 30 गांव में निर्बाध विद्युत आपूर्ति 24 घंटे की जाएगी। इस अवसर पर कार्यदायी संस्था नेशनल कांट्रेक्टर के प्रतिनिधि अंशु मिश्रा ने बताया कि मलावां न्यू पावर हाउस का निर्माण छह माह तक पूर्ण कर बिजली घर को अत्याधुनिक ऊजीर्कृत किया जाना प्रस्तावित है। इस मौके पर टीएन सिंह, बबलू सिंह, शिवनारायण सिंह गप्पू , केके चौरसिया, टिल्लू सिंह, राजेश कुमार, भोलानाथ आदि उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत पिण्डरा सहाबनपुर विकास खण्ड मंझनपुर जनपद कौशाम्बी

(अल्पकालिक निविदा सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पिण्डरा सहाबनपुर विकास खण्ड मंझनपुर जनपद कौशाम्बी में 15 वा केंद्रीय वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग,मनरेगा योजना,कायाकल्प योजना,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत,नाली निर्माण,नाली मरम्मत,खडन्जा निर्माण,हैण्डपम्प मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर,इण्टरलाकिंग,स्कूल निर्माण व मरम्मत,पंचायत भवन मरम्मत,आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत,सोलर लाइट,सोलर पम्प स्ट्रीट लाइट इंटरलॉकिंग स्कूल बाउंड्री एमडीएम सेट कैटल शेड व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 07/04/2023 से 15/04/2023 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 17/04/2023को 11 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

दिनेश पाल
पंचायत सचिव
विकास खण्ड मंझनपुर
जनपद कौशाम्बी

मोहम्मद खालिद
ग्राम प्रधान
ग्रा0 पं0 पिण्डरा सहाबनपुर
वि0ख0 मंझनपुर जनपद कौशाम्बी

कार्यालय ग्राम पंचायत जजौली विकास खण्ड मंझनपुर जनपद कौशाम्बी

(अल्पकालिक निविदा सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जजौली विकास खण्ड मंझनपुर जनपद कौशाम्बी में 15 वा केंद्रीय वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग,मनरेगा योजना,कायाकल्प योजना,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत,नाली निर्माण,नाली मरम्मत,खडन्जा निर्माण,हैण्डपम्प मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर,इण्टरलाकिंग,स्कूल निर्माण व मरम्मत,पंचायत भवन मरम्मत,आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत,सोलर लाइट,सोलर पम्प स्ट्रीट लाइट इंटरलॉकिंग स्कूल बाउंड्री एमडीएम सेट कैटल शेड व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 07/04/2023 से 15/04/2023 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 18/04/2023 को 12 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

दिनेश पाल
पंचायत सचिव
विकास खण्ड मंझनपुर
जनपद कौशाम्बी

अंजू देवी
ग्राम प्रधान ग्रा0पं0 जजौली
विकास खण्ड मंझनपुर
जनपद कौशाम्बी

कार्यालय ग्राम पंचायत तियारा जमालपुर विकास खण्ड मंझनपुर जनपद कौशाम्बी

(अल्पकालिक निविदा सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत तियारा जमालपुर विकास खण्ड मंझनपुर जनपद कौशाम्बी में 15 वा केंद्रीय वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग,मनरेगा योजना,कायाकल्प योजना,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत,नाली निर्माण,नाली मरम्मत,खडन्जा निर्माण,हैण्डपम्प मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर,इण्टरलाकिंग,स्कूल निर्माण व मरम्मत,पंचायत भवन मरम्मत,आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत,सोलर लाइट,सोलर पम्प स्ट्रीट लाइट इंटरलॉकिंग स्कूल बाउंड्री एमडीएम सेट कैटल शेड व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 07/04/2023 से 15/04/2023 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 18/04/2023 को 12 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

विनय चौधरी
पंचायत सचिव
विकास खण्ड मंझनपुर
जनपद कौशाम्बी

पप्पू पासी
ग्राम प्रधान ग्रा0पं0 तियरा
जमालपुर विकास खण्ड मंझनपुर
जनपद कौशाम्बी

कार्यालय ग्राम पंचायत कोरीपुर विकास खण्ड सरसवा जनपद कौशाम्बी

(अल्पकालिक निविदा सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कोरीपुर विकास खण्ड सरसवा जनपद कौशाम्बी में 15 वा केंद्रीय वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग,मनरेगा योजना,कायाकल्प योजना,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत,नाली निर्माण,नाली मरम्मत,खडन्जा निर्माण,हैण्डपम्प मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर,इण्टरलाकिंग,स्कूल निर्माण व मरम्मत,पंचायत भवन मरम्मत,आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत,सोलर लाइट,सोलर पम्प स्ट्रीट लाइट इंटरलॉकिंग स्कूल बाउंड्री एमडीएम सेट कैटल शेड व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 07/04/2023 से 15/04/2023 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 17/04/2023 को 12 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम

मुख्यमंत्री के एमआरएस सेंटर का जिले में हुआ सजीव प्रसारण

सबका साथ सबका विकास के साथ चल रही सरकार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में कूड़ा पृथक्करण सेंटर (एमआरएस) का अनेक सेंटरों पर उद्घाटन का सजीव प्रसारण नगर के हादीहाल, एनआईसी में किया गया। हादीहाल में आयोजित समारोह में विधायक सदर राजेन्द्र मौर्य के अलावा अधिकारियों तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों ने इस लाइव प्रसारण का लाभ उठाया।

बता दें कि प्रदेष के मुख्यमंत्री पूरे प्रदेष में कूड़ा पृथक्करण सेंटर (एमआरएस) का संचालन करने की हिदायत देते हुए कहा कि गीला कूड़ा और सूखा कूड़ा अलग देने की व्यवस्था नगर पालिका, नगर निगम व नगर पंचायतों की गई है। आज से जिले के नगर पंचायत कटरा मेदनीगंज में भी कूड़ा पृथक्करण सेंटर (एमआरएस) की व्यवस्था लागू हो गई। हादीहाल में यह कार्यक्रम पूर्वान्ह ग्यारह बजे शुरू हुआ जो लगभग डेढ़ घंटे तक चला। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास के लगभग 300 लाभार्थी बुलाए गए थे। इस अवसर पर एसडीएम जितेन्द्र पाल व अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील ने पुष्प गुच्छ देकर विधायक का स्वागत किया। इस अवसर पर अधिषाषी अधिकारी ने बताया कि जिन गरीबों के पास आवास न हों, वह नगर पालिका में प्रार्थना पत्र देकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस मौके पर सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास के आधार पर काम कर रही है। बता दें कि नगर पालिका बेल्हा में कूड़ा पृथक्करण सेंटर की व्यवस्था पहले से ही लागू है जिसमें घर-घर से प्रतिदिन गीला व सूखा कूड़ा एकत्र किया जाता है। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिषन के डिस्टिक कोआर्डिनेटर आषीष मिश्रा, आरआई लाल बहादुर सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, प्रषांत सिंह, मिथिलेष सिंह आदि मौजूद रहे। सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने पूछने पर बताया कि प्रदेष के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं प्रदेष सरकार के मंत्री एसके शर्मा के सजीव प्रसारण को विधायक सदर, अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों ने ध्यान से सुना।

एमआरएस सेंटर का सजीव प्रसारण देखते विधायक व अधिकारी।

तमंचा सटाकर होटल संचालक से 1200 रुपए की छिनैती

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। होटल संचालक को तमंचा सटाकर 1200 रुपए छिनैती पृथ्वी गंज उड़ैयाडीह रोड के महोखरी गेट का मामला है। होटल संचालक ने अज्ञात के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। कोतवाली क्षेत्र के डंड़वा महोखरी गांव निवासी विनोद तिवारी पुत्र दया शंकर तिवारी उडैयाडीह बाजार में होटल खोल रखा है। बुधवार की रात 9.30 दुकान बंद करके अपनी कार से घर जा रहे थे। इसी बीच कोतवाली क्षेत्र के पृथ्वी गंज सड़क पर अपने गांव के लिए महोखरी गेट के पास पहुंचे थे कि। दो बाइक पर सवार चार अज्ञात लोगों ने कार रोककर गाली गलौज करने लगे। पीड़ित कुछ समझ पाता बदमाशों ने तमंचा सटाकर शर्ट की उपर जेब में रखा बारह सौ रुपए निका लिए और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की जानकारी तत्काल क्षेत्राधिकारी पट्टी कोतवाली प्रभारी को फोन द्वारा सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस घटना के संबंध में जानकारी लेकर वापस चली गई। गुरुवार की सुबह होटल संचालक विनोद तिवारी ने कोतवाली पहुंचकर दो बाइक पर सवार चार अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी नंदलाल सिंह ने बताया कि पीड़ित द्वारा तहरीर मिली है मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल बताते चलें कि ऐसे ही घटनाएं आए दिन हो रही है बदमाशों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं, जिससे इनके शिकार लोग हो रहे हैं एक हफ्ता पूर्व घर में सो रहे लेखपाल को अज्ञात बोलेरो सवारों ने मारपीट कर उनका मोबाइल आदि लेकर चले गए थे। उड़ैयाडीह निवासी शीतला प्रसाद सरोज लेखपाल ने भी अज्ञात बदमाशों के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

हज यात्रा की पहली किस्त 12 अप्रैल तक जमा करें: मुख्तार

जिला हज सहायता केन्द्र के नोडल अधिकारी ने दी जानकारी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। हज सत्र 2023 में जिले के सभी हज यात्री चयनित किये गये हैं। चयनित हज यात्री अपनी हज यात्रा व्यय की पहली किस्त 81,800 रुपये स्टेट बैंक आफ इण्डिया या यूनियन बैंक आफ इण्डिया के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

यह जानकारी जिला हज टेज्नेर व जिला हज सहायता केन्द्र के नोडल अधिकारी जनाब मौलाना मुख्तार अहमद हबीबी ने देते हुए बताया कि फीस की रसीद के साथ ओरिजनल पासपोर्ट, मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट जो सरकारी अस्पताल द्वारा जारी किया गया हो, सफेद बैकग्राउण्ड के दो नये फोटो, आनलाइन हज आवेदन फार्म की हार्ड कापी तथा निर्धारित प्रपत्र पर शपथ पत्र मूल रुप में 14 अप्रैल तक उत्तर प्रदेष राज्य हज कमेटी विधान सभा मार्ग लखनऊ में जमा किये जा सकते हैं। उन्होंने सभी आजीमाने हज से यथाषीघ्र इस कार्य को पूर्ण कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की सहायता के लिये उनसे सम्पर्क किया जा सकता है। हज कमेटी आफ इण्डिया द्वारा हज यात्रा व्यय की प्रथम किस्त 81,800 रुपये स्टेट बैंक आफ इण्डिया या यूनियन बैंक आफ इण्डिया के माध्यम से जमा करने की अंतिम तिथि 12 अप्रैल कर दी गई है।

मौलाना मुख्तार अहमद हबीबी

बीमा की रकम एजेंट नही कर रहा वापस

पट्टी, प्रतापगढ़। बीमा की अवधि पूरा खो जाने के बावजूद भी एजेंट द्वारा पैसा नहीं दिया जा रहा है पीड़ित ने जब पैसे की मांग की तो जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सूढ़ेमऊ हमारे गांव का रहने वाला कार्तिक विश्वास कई साल पहले एक जीवन बीमा का प्रीमियम गांव के रहने वाले एक एजेंट से करवाया था जब बीमा की अवधि पूरी हो गई तो उसने पैसे की मांग की तो उसे पैसा देने से इंकार कर दिया सुलह समझौता करने की कोशिश की गई फिर भी वह नहीं माना पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है।

केन्द्र सरकार जांच एजेंसियों का कर रही दुरुपयोग: राजेश तिवारी

इंदिरा भवन पर आयोजित बैठक में बोलते छत्तीसगढ़ के दर्जाप्राप्त मंत्री

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ केंद्र की भाजपा सरकार द्वेशपूर्ण भावना से कार्यवाही कर उन्हें परेशान कर रही है। क्या उनका कसूर सिर्फ इतना है कि वे जनहित के मुद्दे लगातार उठाते रहे हैं? उक्त बातें आज यहां जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर आयोजित एक नुक्कड़ सभा में कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव व दर्जा प्राप्त छत्तीसगढ़ के मंत्री राजेश तिवारी ने मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए कहीं।

श्री तिवारी ने आगे कहा कि सरकार ईडी व सीबीआई सहित अनेक जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष विशेषकर कांग्रेस नेताओं को डराना चाहती है, पर हम कांग्रेस के लोग डरने वाले नहीं हैं। राहुल गांधी इनके भ्रष्टाचार को उजागर करते रहेंगे। राहुल गांधी से ईडी ने 53 घंटे पूछ तांछ करके क्या उन्हें डरा सके। हम कांग्रेस के लोगों ने अंग्रेजों को बिना डरे देश से बाहर खदेड़ दिया, जब उनके जुल्म से नहीं डरे तो सत्तासीन लोगों को गलत फहमी हो गयी है कि वे हमें डरा देंगे।

सभा की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ0लालजी त्रिपाठी ने की और संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। विशिष्ठ अतिथि के रूप में उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के महासचिव मुकुंद तिवारी व विवेकानंद पाठक मौजूद रहे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, डॉ0नीरज तिवारी, पूर्व अध्यक्ष नरसिंह प्रकाश मिश्र, वेदान्त तिवारी, बृजेन्द्र मिश्र, रोहित शुक्ल, सुनीता पटेल, सरोज कश्यप, उत्सव भूषण पाल, यमुना प्रशाद पांडेय, फतेह बहादुर सिंह, इंद्रानंद तिवारी, नागेंद्र पांडेय, दिलीप गौतम, करुण पाण्डेय, मकरंद शुक्ल, रामू पांडेय, ओंकार नाथ पांडेय, आशुतोष तिवारी, राजेन्द्र वर्मा, पशुपति उपाध्याय, मो0आफाक, बैजनाथ यादव, बीना रानी, गोविंद वर्मा, मो0 इश्तियाक, सुधीर तिवारी, अशोक सिंह, महेंद्र सिंह सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

इंदिरा भवन पर आयोजित बैठक में बोलते मंत्री राजेश तिवारी।

डीजे से करंट की चपेट मे आया युवक झुलसा, हडकंप

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। हनुमान जयंती पर गुरूवार को डीजे खींच रहे युवक के करंट की चपेट मे आ जाने से हडकंप मच गया। लालगंज के भेभौरा निवासी छेदीलाल का पुत्र मनीष हनुमान जयंती पर लालगंज कालाकांकर रोड पर नगर पंचायत कार्यालय के समीप तिराहे पर डीजे का केबिल खींच रहा था। अचानक ऊपर से गुजर रही एचटी लाईन का तार डीजे मे छू गया। इससे मनीष को झटके से बचाने के लिए बाबूगंज निवासी अब्दुल करीम का पुत्र सुबान अली 28 करंट की चपेट मे आ गया। लोगों ने उसे किसी तरह खींचकर बचाया। सुबान अली करंट की चपेट मे आने से झुलस गया। आननफानन मे लोग उसे लेकर ट्रामा सेण्टर पहुंचे। यहां सुबान अली का इलाज जारी बताया जाता है। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के साथ नगर के लोगों मे कालाकांकर हाइवे पर तार के नीचे लटकने तथा वहां एक टूटे खम्भे को लेकर भी विभागीय लापरवाही को लेकर आक्रोश देखा गया। हनुमान जयंती पर निकल रहे डीजे मे करंट से युवक के झुलसने की जैसे ही जानकारी हुई आननफानन मे कोतवाल कमलेश पाल भी मौके पर पहुंच गये। घटना के बाद पुलिस ने डीजे वाहनों से छत के ऊपरी छोर पर लगे साउण्ड बाक्स को उतरवाना शुरू किया।

रंगदारी के मामले का शीघ्र होगा खुलासा: पुलिस अधीक्षक

एसपी से आश्वासन से व्यापार मण्डल हुआ संतुष्ट

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के नेतृत्व में जिला महामंत्री संजय सोनी, राहुल केसरवानी, सरदार वसिंदर सिंह तथा गुड्डू बाजपेई आदि के साथ, प्रतापगढ़ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल जी से कार्यालय में मुलाकात कर, बदमाशों द्वारा 15 लाख की रंगदारी मांगे जाने वाले पीड़ित व्यवसाई शिवकुमार पंजानी (आनंद बेकर्स, पंजाबी मार्केट) को लेकर उनके घटना के संदर्भ में मुलाकात की।

पुलिस अधीक्षक से जिलाध्यक्ष केसरवानी ने पीड़ित व्यवसाई शिवकुमार के घटना के संदर्भ में पूछा, जिस पर पुलिस अधीक्षक महोदय ने हम सभी को अस्वस्त करते हुए बताया की घटना को गंभीरता से लेते हुए, बदमाशों को चिन्हित कर पकड़ने के उद्देश्य से, उन्होंने पूरी जिम्मेदारी से पुलिस फोर्स की कई टीमें लगा रखी है, काफी कुछ जानकारियां हो गई हैं, घटना का जल्द खुलासा कर, बदमाशों को पकड़ लिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक के अश्वासन और बताए हुए जानकारियों से पीड़ित व्यवसाई शिवकुमार सहित व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी संतुष्ट हुए और अभिलंब खुलासे की आशा जताते हुए कहा कि आपने जिस प्रकार एकाध घटना को छोड़कर अनेकों विभिन्न घटनाओं पर अंकुश लगाते हुए, अपराधियों को दबोचकर अपराध को कम कर रखा है। उसी प्रकार हम आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास भी करते हैं कि इस प्रकरण में भी आपके आश्वासन के मुताबिक बदमाशों को अविलंब पकड़ कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

एसपी से मुलाकात करते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी

जिले भर में विधि विधान से मनाई गई हनुमान जयंती, श्रद्धालुओं को पिलाया गया शरबत

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। हनुमान जयंती पर पूरे जनपद पर हनुमान मंदिरों पर विधि विधान से हनुमान की पूजा की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया। शहर के टेज्जरी चैराहे पर जूबाए के पूर्व अध्यक्ष विनोद पाण्डेय द्वारा वृहद भण्डारे का आयोजन किया गया। इसी प्रकार पंजाबी मार्केट, टक्करगंज मोहल्ले में हनुमान मंदिर सहित अनेक स्थानों पर शर्बत पिलाने का कार्य किया गया।

चिलबिला स्थित हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। हनुमान मंदिरों को फूल-मालाओं से सजाया गया था और सुबह से ही लोग पूजा अर्चन कर रहे थे। मंदिर समिति के महासचिव समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने हनुमान जी महाराज का विधिवत पूजन अर्चन कर आरती उतारी। हनुमान जी महाराज से प्रार्थना है की आजीवन आप अपने भक्तों को अपना आशीर्वाद हम सब पर सदैव बनाए रखे और आपके चरण शरण में रहकर हम सब आपकी सेवा करते रहें। जन्मोत्सव मनाने में भक्त विवेक कुमार उमरवैश्य, बजरंग लाल, राम गोपाल, कपिल देव, प्रमोद कुमार,सूरज उमरवैश्य, आशीष कुमार, सनी, सोनू, विवेक यादव, दिनेश कुमार, मोहनलाल, छेदीलाल, देवानंद, संतोष कुमार, राजू आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

हनुमान जी की पूजा करते श्रद्धालु।

आलापुर में धूमधाम के साथ मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। विकास क्षेत्र कालाकाकर के मिश्रपुर आलापुर रेलवे क्रासिंग बच्चा पान की दुकान के पास गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर हनुमान भक्तो ने हनुमान चालीसा के साथ प्रसाद वितरण किया गया जिसमे भारी सख्या मे भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया प्रसाद वितरण में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार ओझा गुड्डू ओझा, सचिन पांडेय, सानू बाबा गौरव शुक्ल, विनय तिवारी, स्वप्निल तिवारी, टिंकू पांडेय, प्रदीप तिवारी, कुलदीप शुक्ल, दीपक साहू, प्रदीप श्रीवास्तव, शुभम ओझा, सोनू पांडेय, सुधांशु मिश्र, विपिन तिवारी, मनीष साहू, शिवम तिवारी, रमन शुक्ल आदि हनुमान भक्त शमिल रहे।

हनुमान जन्मोत्सव पर गंगा मे लगाई आस्था की डुबकी

परियावां, प्रतापगढ़। हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर गुरुवार को कालाकांकर के पवित्र गंगाजल मे हजारों की संख्या मे श्रद्धालुओ ने आस्था की डुबकी लगाई और गंगातट किनारे हनुमान जी की पूजन अर्चन कर परिवार के सुख समृद्धि की कामना किया। इसी क्रम मे मुरस्सापुर सोनामऊ गंगाघाट पर भारी संख्या मे श्रद्धालुओ ने पूजन अर्चन किया और हनुमान जी की पूजन अर्चन किया।

अच्छी शिक्षा के साथ बच्चों मे अच्छे व्यवहार का भी होना चाहिए बोध-एसडीएम

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। बेलहा स्थित जेबीएस पब्लिक स्कूल मे गुरूवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सफलताओं पर पुरस्कार पाकर कार्यक्रम मे मौजूद मेधावियों के चेहरे पर सुनहली मुस्कान खिल उठी। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम न्यायिक तनवीर अहमद व लालगंज प्रमुख अमित सिंह पंकज ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन कर किया। विद्यालय की छात्राओ ने सरस्वती वंदना की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि एसडीएम न्यायिक तनवीर अहमद ने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे व्यवहार तथा लगनशीलता के प्रति भी विद्यालय मे वातावरण दिया जाना चाहिए। ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज ने नौनिहालों के भविष्य निर्माण में शिक्षा पद्धति के आदर्श स्वरूप का खाका खींचा। विशिष्ट अतिथि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल रहे। निदेशक आदित्य प्रताप सिंह ने शैक्षिक प्रगति आख्या तथा पूर्णिमा सिंह ने उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

जेपीएस पब्लिक स्कूल बेलहा में प्रतिभा सम्मान में पुरस्कार पाकर खिले मेधावियों के चेहरे

संचालन दिनेश गिरि व संयोजन उप प्रधानाचार्या लक्ष्मी मिश्रा ने किया। अतिथियो ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मेधावियों में कक्षा सात के मो. फैजान को प्रथम, कार्तिक श्रीवास्तव को द्वितीय तथा अंशिका सिंह को तृतीय एवं कक्षा छः मे मानसी गौतम को प्रथम, आस्था सिंह को द्वितीय वहीं कक्षा पांच मे आनंद शुक्ला को प्रथम व निष्ठा सिंह को द्वितीय पुरस्कार के तहत मेडल तथा स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। विद्यालय के मेधावी नमन केसरवानी, पूर्वी सिंह, कृष्णा सिंह, आशी सिंह, मान्या सिंह, पीयूष यादव, अदिति सिंह को भी विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन शिक्षिका स्नेहलता सिंह, विनीता, प्रगति, शिवांगिनी, मोनाली, पूर्णिमा, शिवानी व नैंसी ने किया। समारोह में आशुतोष सिंह, शीला गौतम, मो. असलम, उधम सिंह, मनोज सिंह, डा. बृजनंदन सिंह, रामअभिलाष यादव, कल्पनाथ सिंह, प्रीतेन्द्र ओझा ने भी विचार व्यक्त करते हुए जेपीएस शिक्षा प्रणाली की जमकर सराहना की।

लीलावती सेनानी के निधन पर कई संस्थाओं ने जताया शोक

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। सृजना साहित्यिक संस्था, एलायंस क्लब इंटरनेशनल एवं अम्मा साहेब ट्रस्ट द्वारा संयुक्त रूप से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्र दत्त सेनानी की धर्मपत्नी समाजसेविका लीलावती सेनानी के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा का आयोजन सृजना कुटीर अजीत नगर में किया गया। जिसमें गहरा शोक प्रकट किया गया उनके व्यक्तित्व पर चर्चा भी की गई। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में साहित्यकार डॉ दयाराम मौर्य रत्न, क्लब के निदेशक रोशनलाल उमरवैश्य, ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा, विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य, राधेश्याम दीवाना, श्रीनाथ, कुंज बिहारी लाल, प्रेम कुमार त्रिपाठी तथा अनिल कुमार सहित प्रबुद्ध जन प्रमुख रहे। उधर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने समाजसेविका लीलावती मिश्रा सेनानी के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख जताया है।

खबर संक्षेप

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 मई को

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला जज/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय में 13 मई 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेंगा। यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना, बैंक वसूली, विद्युत के मामले, श्रम सम्बन्धी, लेवर सम्बन्धी, जमीन सम्बन्धी, चालानी व अन्य प्रकार से सम्बन्धित शमनीय वादों का निस्तारण किया जायेगा।

निरोधात्मक कार्यवाही में 15 अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना महेवाघाट से दो थाना कौशाम्बी से एक थाना सराय अकिल से तीन थाना चरवा से दो थाना सदीपनघाट से चार थाना मो०पुर पइसा एक थाना कोखराज से दो कुल 15 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

संभावित प्रत्याशी के घर संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के चायल नगर पंचायत की संभावित अध्यक्ष पद की प्रत्याशी के घर संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक के परिजनों का कहना है कि किसी ने जहरीला पदार्थ खिला दिया है जिससे युवक की मौत हो गई है युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है युवक की मौत के बाद इलाके में तरह-तरह की चचाएं हैं जानकारी के मुताबिक सिंहपुर गांव के अनिकेत तिवारी उर्फ लाला उम्र 26 वर्ष पुत्र राम लोचन तिवारी बीते दो वर्षों से नगर पंचायत चायल की सम्भावित प्रत्यासी आशा देवी पत्नी मंगरू दिवाकर के घर रह रहे थे। परिजनों ने बताया कि चायल की सम्भावित प्रत्याशी के घर

घर छोड़कर 2 वर्षों से नगर पंचायत की संभावित अध्यक्ष प्रत्याशी के घर रहा था युवक

युवक की मौत के बाद मौके पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण

बुधवार की शाम लगभग 5 बजे अनिकेत कही से वापस लौटे और तख्त पर लेट गए रात्रि लगभग 9 बजे अचानक अनिकेत की तबियत बिगड़ने लगी जिस पर अनिकेत को इलाज के लिए हॉस्पिटल ले गए लेकिन अस्पताल में अनिकेत की मौत हो गई है। अनिकेत के परिजनों को मामले की जानकारी काफी देर बाद मिली है जानकारी मिलते ही परिजन स्वरूप रानी अस्पताल पहुंचे लेकिन वहां अनिकेत मौजूद नहीं था बाद में परिजनों को मालूम हुआ कि अनिकेत की मौत के बाद उसके शव को लेकर वापस चायल कस्बे में लोग चले आए हैं परिजनों ने मामले की सूचना पिपरी पुलिस को दी जानकारी मिलते ही मौके पर थाना अध्यक्ष पिपरी श्रवण कुमार सिंह और चायल पुलिस चौकी प्रभारी पहुंचे हैं और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि बीते 2 वर्षों से अनिकेत का रहना खाना पीना चायल की सम्भावित प्रत्यासी आशा देवी के घर मे होता था परिजनों का कहना है कि मृतक को किसी ने जहरीला पदार्थ किसी खिला दिया है जहरीला पदार्थ किसने खिलाया और मृतक किसके साथ था यह स्पष्ट नहीं हो सका यह बड़ी जांच का विषय है मामले में पुलिस ने बारीकी से जांच की तो अनिकेत को जहर खिलाने वाले लोगों का चेहरा सामने आ जाएगा।

कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण के बाद अधिकारियों से वार्ता करते एडीजी जोन

केंद्रीय गृह मंत्री के आगमन को लेकर एडीजी एवं आईजी ने किया स्थल का निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिले में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय कौशाम्बी महोत्सव कार्यक्रम में शुक्रवार को भारत के गृहमंत्री अमित शाह शामिल होने के लिए आ रहे है।गृहमंत्री के कार्यक्रम के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने से पूर्व कार्यक्रम स्थल का एडीजी जोन प्रयागराज व आईजी प्रयागराज ने निरीक्षण

कौशाम्बी महोत्सव कार्यक्रम में गृहमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां हुई तेज

किया उन्होंने कार्यक्रम स्थल के पास बनाए गए हेलीपैड का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था से लेकर तमाम बिंदुओं पर चर्चा की ओर अधीनस्थों को कड़े दिशा निर्देश दिए। एडीजी जोन व आईजी ने कार्यक्रम स्थल पर अधिकारियों व पुलिसकर्मियों के साथ बैठक की,एडीजी ने वीवीआईपी ड्यूटी पर लगे जिम्मेदारों को कार्यक्रम की सुरक्षा के दृष्टिगत कड़े दिशा निर्देश दिए,बैठक में डीएम एसपी के साथ भारी संख्या में अधिकारी व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

आग लगने से तीन सगे भाइयों के घर का लाखों का सामान जलकर खाक

अखंड भारत संदेश

ओसा कौशाम्बी। मंझनपुर नगर पालिका अंतर्गत संत कबीर नगर वार्ड के ओसा गडरिया का डेरा में गुरुवार को आगजनी से तीन सगे भाइयों की घर गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया इस अग्निकांड में तीनों भाइयों के घर के लाखों का सामान जल गया है कड़ी मेहनत के बाद ग्रामीणों के द्वारा आग पर काबू पाया गया है। प्राप्त जानकारी आनुसार ग्राम ओसा गडरियन का डेरा में राजेश सरोज, रमेश सरोज , राकेश सरोज पुत्र राम प्रसाद के घर खाना बनाते समय दोपहर 2 बजे अचानक आग लग गई देखते देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया आग की जानकारी मिलते ही गांव के सैकड़ो लोग घटनास्थल पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया आग लगने के कारण तीनो भाइयो का मकान पूरी तरह जलकर खाक हो गया। हालांकि आगजनी की सूचना मिलते ही ग्रामीण जन घटनास्थल पर पहुंच गए और आग को बुझाने का प्रयास किया गया किंतु पानी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण आग पर काबू नहीं पाया जा सका। आग पर समय से काबू न पा पाने के कारण घर का सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। आगजनी की घटना गुरुवार दोपहर 2 बजे की है आग लगते ही ग्रामीणों द्वारा फॉयर ब्रिगेड को सूचना दी गई किंतु 2 घंटे बीत जाने के बाद भी दमकल की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंच पाई अग्निशमन दल के समय से ना पहुंचने के

चलते तीनों भाइयों के घर के गृहस्थी का पूरा सामान जलकर खाक हो गया। वही मौके पर उपस्थित लोगो ने फायर बिग्रेड से संपर्क किया गया किंतु उनके द्वारा दमकल की गाड़ी रवाना होना बताया गया लेकिन 2 घंटे बीतने के बाद भी दमकल की गाड़ी समय पर नहीं पहुंच पाई जिससे मकान को जलने से नहीं बचाया जा सका हालांकि ग्रामीणों के द्वारा किसी तरह आग बुझाने के प्रयास से आसपास के और लोगो के घरो को जलने से बचाया जा सका।तीनो भाइयों के मकान में आग लगने से लाखों का नुकसान होना बताया जा रहा है, क्षेत्र के लेखपाल को सूचना दी गई है लेकिन खबर लिखे जाने तक मौके पर कोई नहीं पहुंचा है।

ट्रक की टक्कर लगते ही पलटा बालू लदा ट्रैक्टर

अखंड भारत संदेश

भरवारी कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के परसरा चौराहे के पास बालू लदी ट्रैक्टर को तेज गति ट्रक ने टक्कर मार दिया है जिससे ट्रैक्टर सड़क पर पलट गया है हादसे में किसी को चोटें नहीं आई हैं वरना बड़ी घटना हो जाती घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे हैं सूचना पाकर मौके पर डायल 112 के सिपाही भी पहुंच गए हैं। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना अंतर्गत भरवारी नगर पालिका परिषद के परसरा चौराहा पर गुरुवार की सुबह बालू लदे ट्रैक्टर में सामने से आ रही ट्रक ने जोर दार टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर सड़क पर पलट गाया ' यह तो अच्छा हुआ कि कोई जन हानि नहीं हुई है वरना बहुत बड़ी घटना घट जाती सुबह का समय था चारो तरफ से स्कूल के बच्चे और आम जनमानस का आना जाना लगा रहता था ' घटना घटने के काफी देर बाद डायल 112 के सिपाही कर्मचारी मौके पर पहुंचे हैं। ट्रक की टक्कर लगने के बाद सड़क पर ट्रैक्टर पलट जाने से काफी देर तक सड़क

भरवारी कस्बे के परसरा चौराहे के पास ट्रैक्टर पलटने से घंटों लगा रहा सड़क पर जाम, बड़ी दुर्घटना होने से बची हादसे में बचे बाल-बाल लोग

पर जाम की स्थिति बनी रहीं किसी तरह क्रेन को मगवाकर पलटा हुए ट्रैक्टर को उठवाया गया तब जाकर आवागमन शुरू हो सका है घंटों आवागमन में लोग फंसे रहे।

ट्रक से टकराने के बाद सड़क पार कर रहे दंपत्ति से टकराया बुलेट सवार

अझुवा कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र में ट्रक से टकराने के बाद बुलेट सवार सड़क पार कर रहे दंपत्ति से टकरा गया है हादसे में बुलेट सवार सहित दंपत्ति घायल हो गए हैं तीनो घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना मिलते ही घायलों के परिजन पहुंच गए हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत अझुवा राष्ट्रीय राजमार्ग दीप पैलेस के पास आज गुरुवार शाम को अज्ञात ट्रक ने बुलेट सवार को टक्कर मार दी सामने सड़क पार कर रहे दम्पति से बुलेट सवार भिड़ गए जिससे बुलेट सवार सड़क पर गिर पड़े इस हादसे में बुलेट सवार सहित दम्पति गम्भीर घायल हो गए मौके पर पहुंचे परिजनों ने तीनो घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां गम्भीर स्थिति देख डॉक्टर ने घायल दंपत्ति को रिफर कर दिया परिजन गम्भीर घायल दंपत्ति को एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार हेतु फतेहपुर ले गए हैं। दोनों घायल दम्पति नगर काथु खागा फतेहपुर निवासी गरीब दास उम्र लगभग 45 वर्ष पुत्र दुजजा और पत्नी लक्ष्मी 42 वर्ष बताए जा रहे हैं दंपत्ति बहुत समय से नगर पंचायत

हादसे में घायल बुलेट सवार सहित गंभीर घायल दंपत्ति को इलाज के लिए अस्पताल में कराया गया भर्ती

अझुवा के वार्ड नं 1 भौतर में रह रहे थे बुलट सवार विद्या पैथालॉजी के संचालक अजय मौर्य बताए जा रहे हैं घायल दंपत्ति को उपचार के लिए फतेहपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है और बुलेट सवार का नगर पंचायत अझुवा के अस्पताल में उपचार हो रहा है।

हनुमान जन्मोत्सव पर डीजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा

शोभा यात्रा के दौरान पूरा नगर प्रभु श्री हनुमान जी के जयकारा से गूँजता रहा

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशांबी। अझुवा कस्बे के नेता नगर से वृहस्पतिवार को हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर हनुमान मानष मंडल के अध्यक्ष संजय कुमार केसरवानी की अगुवाई में भक्तों नें डीजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली शोभा यात्रा कस्बे के हनुमान मंदिर से चलकर भोला चौराहा, लाई मंडी , गल्ला मंडी, शायरी माता चौराहा, सब्जी मंडी, सनई मंडी जीटी रोड नवीन मंडी होते हुए हनुमान मंदिर समापन किया गया हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शोभा यात्रा के दौरान पूरा नगर प्रभु श्री हनुमान जी के जयकारा से गूँजता रहा। हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर हनुमान मानस मंडल के अध्यक्ष संजय केसरवानी की अगुवाई में सैंकडों भक्तों ने हनुमान जी की शोभा यात्रा निकाली।शोभा यात्रा के दौरान सैंकडों पुरुष,महिलाएं व बच्चे डीजे की धुन पर नाचते थिरकते रहे।यात्रा में हजारों भक्त सामिल हुए।इस दौरान श्रद्धालुओं का जगह जगह जलपान की व्यवस्था करते रहे हनुमान जी की झांकी भी सजाई गई।शोभा यात्रा का जगह जगह फूल वर्षा कर स्वागत व पूजा अर्चन किया गया।इस अवसर पर मोनू केसरवानी बबलू केसरवानी दीपक साहू,प्रदीप साहू,सुनील साहू ओमप्रकाश कुशवाहा दीपक माले उदय अग्रहरि बबलू मोर्य सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

मनौरी बाजार में 108 बार हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

कौशाम्बी। चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर मनौरी बाजार स्थित सिनेमा हाल के बगल में श्री 108 श्री बागेश्वर धाम शिष्य मंडल मनौरी के नेतृत्व में

हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम रखा गया था जिसमे जय बजरंग भजन मंडल टीम के पंडित गिरीश तिवारी के मुखार बिंदु से 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ कराया गया शिष्य मंडल के भक्तों द्वारा बिधि विधान से पूजा पाठ करके श्री हनुमान जी को मनाया गया। चालीसा पाठ समाप्ति के बाद केक काटकर जन्मोत्सव का कार्यक्रम भी रखा गया व भंडारे प्रसाद का वितरण भी किया गया। पूरे समय प्रभु श्री हनुमान के जयकारे लगते रहे श्री 108 श्री बागेश्वर धाम शिष्य मंडल मनौरी के शिष्य रोहित(सोनू) केशरवानी ,बड़का केशरवानी ,अनेश चंद्र ,अनूप केशरवानी ,शब्बा केशरवानी जितेंद्र कुमार आदि भक्तो के नेतृत्व में कार्यक्रम का भव्य आयोजन संपन्न हुआ।

धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती

करारी कौशाम्बी। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के गुवारा तैयबपुर में हनुमान जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा व सुंदरकांड के पाठ का आयोजन हुआ। हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन को लेकर

भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। हनुमान जयंती के अवसर पर पूरा वातावरण भक्ति मय रहा और चारों ओर प्रभु श्री हनुमान जी के जयकारे भक्त लगाते रहे गुरुवार को हनुमान जयंती पर मंदिर में दर्शन-पूजन को लेकर भक्तों की भीड़ लगी रही।करारी के गुवारा स्थित हनुमान मंदिर में भोर से ही श्रद्धालु उमडने लगे। इस दौरान सुंदरकांड के पाठ से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा इस दौरान रामलीला अध्यक्ष आकाश सिंह , पंडित गंगासागर,इन्द्रराज सरोज राजेन्द्र प्रसाद कपिल अनिल,विजय,भूपेंद्र, इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

एयरपोर्ट से कौशांबी तक फोरलेन सड़क निर्माण में मुआवजा देने के बाद हो सड़क का निर्माण

कौशाम्बी। एयरपोर्ट प्रयागराज से कौशांबी तक फोरलेन सड़क के निर्माण में मुआवजा न मिलने से आक्रोशित किसानों ने अधिकारियों से वार्ता कर स्पष्ट किया है कि उनकी जमीन का मुआवजा दिए जाने के बाद फोरलेन सड़क का निर्माण कराया जाए किसानों ने साफ शब्दों में कहा है कि उनकी जमीन का मुआवजा दिए बिना सड़क का निर्माण शुरू किया गया तो किसान सड़क पर उतर जाए विरोध प्रकट करेंगे। प्रयागराज एअरपोर्ट से कौशांबी तक फोरलेन रोड का कार्य मुख्यमंत्री योगी के घोषणा के अनुसार हो रहा है जिसमे विजिया चौराहा हनुमान मंदिर के पास से कौशाम्बी थाना तक रोड भूलेख के नक्शे मे नहीं है जिसमे कोसम इनाम परगना करारी तहसील मंझनपुर कौशाम्बी के गाटा 1604,1603,1601,1669, 1670,1074, 1073, 1071, 1069, 1068, 1067, 1066, 1065, 1042, 1043, 1037, 1036, 1035, 1031, 1032, 1029, 1030, 992, 905,996, 997, 998, 1000, 1001, 1002, 975, 906, 978, 976, 1007, 1008, 1009,1010,1011 3 गाटा किसानो की जमीन पड़ रही है। आक्रोशित किसानों ने कहा कि मुआवजे की फाइल लेखपाल के पास बनी है सभी किसान सरकार के कार्य में बाधा नहीं उत्पन्न करना चाहते है सरकार ने किसानो के मुआवजे की धनराशि इस कार्य के लिए अवमुक्त किया है इसलिए सभी किसानों की मांग है कि उपरोक्त कार्य मे हम लोगों की जितनी जमीन जा रही है उसका मुआवजा हम लोगों को दे दिया जाय तभी फोरलेन सड़क निर्माण कार्य कराया जाय बिना सहमति पत्र के कार्य न कराया जाय। सड़क निर्माण में लगे अधिकारियों से किसानों ने साफ-साफ कहा कि यह विधि संगत नहीं है। अन्यथा हम सभी

किसानों की जमीन में जबरिया सड़क निर्माण कराए जाने पर न्यायालय जाने को मजबूर होंगे किसान

किसान न्यायालय की शरण मे जाने के लिए मजबूर हो जाएंगे जिसके जिम्मेदार लोक निर्माण विभाग व राजस्व अधिकारी कर्मचारी होंगे` किसानों ने कहा कि मुआवजा न मिलने से कई किसान बहुत सदमे में है यदि किसी किसान को कुछ हो जाता है तो उसके जिम्मेदार लोक निर्माण विभाग के अधिकारी होंगे अधिकारियों से वार्ता के दौरान किसानों ने कहा कि जब तक मुआवजा नहीं मिल जाता है तब तक हम किसानो कि भूमिधारी जमीन पर किसी तरह का कोई कार्य न कराया जाय। यदि किसानो को मुआवजा दिये बगैर कार्य प्रारम्भ किया गया तो किसान मजबूरन न्यायालय की शरण मे जाने के लिए बाध्य होगा।

शक्तिशाली हिन्दू समाज का निर्माण संगठन का मूल कार्य : अवधेश

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। संगठित हिंदू समाज का निर्माण करना हिंदू जागरण मंच का मूल उद्देश्य है। जिससे हिंदू धर्म पर लगातार हो रहे विद्यार्थियों के हमलों को रोका जा सके और मजबूत हिंदू समाज का निर्माण किया जा सके। उक्त बातें हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ल ने कड़ा विकासखंड के हिसामपुर परसखी में आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में हिंदूवादी नेता वेद प्रकाश सत्यार्थी मौजूद रहे। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि आज विभिन्न धर्मों के लोगों के द्वारा एक साजिश के तहत हिंदू धर्म पर लगातार हमले हो रहे हैं तथा हिंदू धर्म के मानने वालों का उत्पीड़न भी किया जा रहा है जो कि पूरी तरह से गलत है। ऐसे में मजबूत संगठन ही हिंदू धर्म को बचाने का एकमात्र उपाय है पूरे जिले में हिंदू जागरण मंच सामाजिक जागरूकता के काम में लगा है। इस मौके पर बोलते हुए विशिष्ट अतिथि के रूप में हिंदूवादी नेता वेद प्रकाश सत्यार्थी ने कहा कि हिंदू समाज को नुकसान पहुंचाने के लिए भारत को

कड़ा विकास खण्ड के हिसामपुर परसखी में आयोजित हुई हिन्दू जागरण मंच की बैठक

बार-बार टुकड़ों में बांटा गया है जिसमें म्यामार, इंडोनेशिया, मलेशिया, अफगानिस्तान, ईरान, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देश शामिल है अब फिर से यही देशद्रोही लोग धर्म के नाम पर फिर से भारत देश को टुकड़े-टुकड़े में बांटने की साजिश कर रहे हैं ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी हो कि हम सभी एकजुट होकर धर्म रक्षा के लिए इन आसुरी शक्तियों जो देशद्रोह के काम में लगी है इन के विरोध में एकजुट हो। इस मौके पर प्रमुख रूप से अंगद सिंह, चंद्र किशोर मिश्रा, सर्वेश सिंह, शेखर मिश्रा, बाल्मीकि पांडे, आशीष कुमार, पवन द्विवेदी, उमेश नारायण, कृष्णानंद, परशुराम, राज नारायण मिश्रा, कुंवर बहादुर, मूलचंद्र, बलराम सिंह पटेल, शिवाजी, नरदेव पटेल, राम नारायण सिंह, जगत नारायण, राजकरण साहू, अनूप मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

न्यूज झरोखा

स्कूली बच्चों द्वारा निकाली गई निपुण रैली

दानपुर कौशाम्बी। प्राथमिक विद्यालय बैशकांटी प्रथम विकास खंड-मंझनपुर एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय बैशकांटी द्वारा 6 अप्रैल को संयुक्त रूप से स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण रैली निकाली गई। रैली की

शुरूवात इंचार्ज प्रधानाध्यापक धीर सिंह द्वारा "मम्मी पापा हमें पढ़ाओ स्कूल में चलकर नाम लिखाओ" के नारे के साथ की गई। रैली गाव की गलियों से होते हुए संचारी रोग नियंत्रण व नामांकन के बारे में बताते हुए साथ साथ स्कूल नियमित भेजने का आह्वाहन करते हुए निपुण विद्यालय बनाने में मदद करने का निवेदन किया गया। विद्यालय में लागू सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं के बारे में बताते हुए विद्यालय की ओर बच्चों को आकर्षित करते हुए नामांकन कराने का अनुरोध किया गया। इस रैली को सफल बनाने में अरविंद कुमार, महेश कुमार, दिलीप कुमार, दारा सिंह व विंदेश्वरी प्रसाद का सराहनीय योगदान रहा।

नोडल अधिकारी ने किया कान्हा गौशाला का निरीक्षण

कौशाम्बी। यूपी के विशेष सचिव एवम शासन द्वारा नामित कौशाम्बी के नोडल अधिकारी अनुराग पटेल ने नगर पालिका परिषद भरवारी में संचालित कान्हा गौशाला गोआश्रय स्थल का निरीक्षण किया। नोडल अधिकारी ने निरीक्षण में सभी व्यवस्थाओं

पर संतोष व्यक्त करते हुए गौशाला के कार्यों की समीक्षा की, समस्त व्यवस्था चुस्त दुरुस्त पाई गई। निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्रा, वरिष्ट लेखालिपिक बबलू गौतम,पशुचिकित्साधिकारी डा०राहुलराज, मुख्य चिकित्साधिकारी अरविंद कुमार सागर उपमुख्य चिकित्साधिकारी डा० यशपाल, एलईओ अजय, शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी मनोज कुमार पांडेय, अखिलेश पाल, विकास कुमार, अनुभव श्रीवास्तव व अन्य गौशाला के कर्मचारी आदि लोग उपस्थित रहे।

राहुल की सदस्यता रद्द होने पर कांग्रेसियों ने प्रकट किया विरोध

कोखराज कौशाम्बी। राहुल गांधी की सांसद सदस्यता रद्द किए जाने के बाद कांग्रेसी नेताओं में उबाल है और कांग्रेसी नेताओं ने जमकर भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में आम जनता भाजपा को करारा जवाब देगी वक्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता रद्द कर दिए जाने से आम जनता आक्रोशित है और इसकी कीमत भाजपा को चुकानी पड़ेगी। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष विष्णु कुमार सोनी के नेतृत्व में पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर विचार विभाग के कार्यकर्ता शमीम आलम ने टेढ़ी मोड टडहर पर चौपाल का आयोजन किया कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित चौपाल में कांग्रेस की नीतियों को बताया गया और राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने पर आक्रोश व्यक्त किया गया बैठक के दौरान कई लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता व जिला अध्यक्ष ने राष्ट्रपति को ज्ञापन देने के लिए आवाहन किया मौके पर अन्य कार्यकर्ता जय करन सिंह, युवराज सिंह, कुमार, अमित कुमार,अजय सिंह,शिवकुमार जिला उपाध्यक्ष अजित कुशवाहा, हेमंत कुशवाहा सहित तमाम अन्य लोग उपस्थित रहे।

जन संपादकीय

सुप्रीम कोर्ट की खरी-खरी

मीडिया की स्वतंत्रता को लेकर सुप्रीम कोर्ट की एक अहम टिप्पणी आई है कि सत्ता से सवाल पूछना और लोगों तक सच्चाई पहुंचाना मीडिया का कर्तव्य है। और सरकार की नीतियों के खिलाफ बोलने वाले देश विरोधी नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मलयालम समाचार चैनल मीडिया वन के मामले की सुनवाई करते हुए हुए यह टिप्पणी की। दरअसल मीडिया वन पर राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर केंद्र ने कार्रवाई की थी। चैनल के प्रसारण लाइसेंस के नवीनीकरण को रोक दिया गया था। केरल हाईकोर्ट ने केंद्र के फैसले को बरकरार रखा था। तब शीर्ष अदालत में इसके खिलाफ चैनल चलाने वाली कंपनी मध्यमम ब्रॉडकास्टिंग लिमिटेड यानी एमबीएल ने विशेष अनुमति याचिका दायर की थी। जिस पर सुनवाई करते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हेमा कोहली की पीठ ने केंद्र के इस तर्क को खारिज कर दिया कि चैनल के कुछ प्रसारणों ने राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित किया है। अदालत ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के दावे हवा में नहीं किए जा सकते, इसके समर्थन में ठोस तथ्य होने चाहिए। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ द्वारा लिखे गए फैसले में पुरजोर तरीके से कहा गया है कि राज्य केवल राष्ट्रीय सुरक्षा की दलील देकर नागरिकों के अधिकारों से इनकार नहीं कर सकता है। अदालत ने कहा, सरकार को यह रुख रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती है कि प्रेस को सरकार का समर्थन करना चाहिए। अदालत ने साफ शब्दों में कहा कि सरकार की आलोचना एक टीवी चैनल के लाइसेंस को रद्द करने का आधार नहीं हो सकती है। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार अदालत ने कहा, प्रेस का कर्तव्य है कि वह सच बोले और नागरिकों को सही तथ्यों के साथ प्रस्तुत करे, जिससे वे लोकतंत्र को सही दिशा में तैयार करने वाले विकल्पों को चुनने में सक्षम हो सकें। प्रेस की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध नागरिकों को उसी पर सोचने के लिए मजबूर करता है। सामाजिक, आर्थिक, राजनीति से लेकर राजनैतिक विचारधाराओं तक के मुद्दों पर एक समान दृष्टिकोण लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा पैदा करेगा। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी कई मायनों में महत्वपूर्ण है। यह टिप्पणी ऐसे वक्त आई है, जब विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2022 में भारत का स्थान 180 देशों में 150वें स्थान पर आया है। इससे पहले वर्ष भारत 142वें स्थान पर था और उसमें एक साल के भीतर आठ अंकों की गिरावट आई। इस गिरावट का सीधा मतलब ये है कि पत्रकारों के लिए काम करने के हालात कठिन बने हैं, प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया में खबरों को स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है। सत्ता की खामियों को खुलकर दिखाने का साहस मीडिया में नहीं हो रहा है और जो यह हिम्मत दिखा रहे हैं, उन्हें किसी न किसी तरह परेशान किया जा रहा है। मीडिया की स्वतंत्रता का यह सूचकांक रिपोर्टर्स विदाउट बार्डर्स नाम का अंतरराष्ट्रीय संगठन करता है। भारत इस सूचकांक में लगातार गिरता जा रहा है, इसकी चिंता देश के पत्रकारों, मीडिया घरानों के मालिकों और सरकार को भी करनी चाहिए थी। क्योंकि मीडिया तो एक तरह से सरकार के लिए आईने का काम करता है। मगर सरकार ने चिंता करने की जगह, चिंता के कारण को ही खत्म करने का कदम उठाया। यानी इस सूचकांक को ही खारिज कर दिया। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने राज्यसभा में एक लिखित जवाब में कहा, विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक एक विदेशी गैर-सरकारी संगठन द्वारा प्रकाशित किया जाता है, जिसे रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स कहा जाता है, और सरकार इसके विचारों और देश की रैंकिंग को नहीं मानती है और इस संगठन के निष्कर्षों से सहमत नहीं है। सरकार ऐसा इसलिए मानती है कि संगठन रैंकिंग के लिए बहुत कम नमूना लेता है, लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों को बहुत कम या कोई महत्व नहीं देता है और एक ऐसी कार्यप्रणाली को अपनाता है जो संदिग्ध और गैर-पारदर्शी है। जब सरकार ने बीमारी दिखाने वाले यंत्र को ही गलत बता दिया, तो बीमारी की दवा की अपेक्षा करना ही बेकार है। लेकिन आंख मूंद लेने से मुसीबत टलती नहीं है। देश में यह साफ-साफ महसूस किया जा सकता है कि कैसे कार्पोरेट की पूंजी से संचालित मीडिया में एकतरफा रिपोर्टिंग होती है, सरकार की चापलूसी करने वाले कार्यक्रम बनाए जाते हैं, बहसों में खुलकर सत्ता का पक्ष लिया जाता है और जनता के जीवन से जुड़े मुद्दों की जगह धार्मिक, सांप्रदायिक नफरत फैलाने वाले कार्यक्रम धड़ल्ले से प्रसारित होते हैं। वहीं दूसरी तरह सत्ता से सवाल करने वालों को किसी न किसी तरह परेशान किया जाता है। बीबीसी विवाद किस तरह बढ़ा, यह सभी ने देखा है। अभी कुछ वक्त पहले उत्तरप्रदेश में एक गांव के पत्रकार को केवल इसलिए गिरफ्तार किया गया, क्योंकि उसने अपने इलाके के विकास के जुड़े कुछ सवाल सत्तारुढ़ पार्टी के नेता से कर लिए थे। इस तरह की कानूनी कार्रवाइयों के पीछे भले ही अन्य कारण बताया जाए, उसका सीधा संबंध किस से है, यह समझना कठिन नहीं है। सरकार वैश्विक रैंकिंग, उसके तरीकों को माने या न माने, यह उसका विवेक है। किंतु देश के हालात जो सच्चाई दिखा रहे हैं, उससे इंकार करना आसान नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने इन हालात को समझते हुए ही टिप्पणी की है। दो हफ्ते पहले भी एक कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश ने कहा था कि अगर सत्ता प्रेस को सच बोलने से रोकती है तो इससे लोकतंत्र प्रभावित होता है। देश के पहले प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू का भी मानना था कि प्रेस की स्वतंत्रता महज एक नारा नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए जिम्मेदार भी है। अब सर्वोच्च अदालत ने एक मामले को आधार बनाकर इसी बात को कुछ और जोरदार तरीके से कहा है। इस बात को सुनने और गुनने में ही देश का भला है।

डॉक्टर और दवाइयों की कमी से जूझता देश का स्वास्थ्य

डॉ सत्यवान सौरभ



विश्व स्वास्थ्य दिवस, 7 अप्रैल, स्वास्थ्य समस्या या विशेष ध्यान देने योग्य मुद्दे पर विश्व का ध्यान केंद्रित करने का अवसर प्रदान करता है। देश में ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा कर्मचारियों, बुनियादी ढांचे और अंतिम मील कनेक्टिविटी की भारी कमी है। 78% डॉक्टर शहरी भारत (30% की जनसंख्या) की सेवा करते हैं। सेवाओं की आपूर्ति में भारी कमी (निजी/सार्वजनिक क्षेत्र में मानव संसाधन, अस्पताल और नैदानिक केंद्र) व राज्यों के बीच और भीतर घोर असमान उपलब्धता से बदतर हो गए हैं। उदाहरण के लिए, तमिलनाडु जैसे एक अच्छी स्थिति वाले राज्य में भी सरकारी सुविधाओं में चिकित्सा और गैर-चिकित्सा पेशेवरों की 30% से अधिक कमी है। 61% पीएचसी में सिर्फ एक डॉक्टर है, जबकि लगभग 7% बिना किसी के काम कर रहे हैं 33% पीएचसी में लैब टेक्नीशियन नहीं है, और 20% में फार्मासिस्ट नहीं है। कई राज्यों में सभी सरकारी डॉक्टरों के लगभग 50% पद खाली पड़े हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र पर भारत का खर्च 2013-14 में सकल घरेलू उत्पाद के 1.2 प्रतिशत से बढ़कर 2017-18 में 4 प्रतिशत हो गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 ने इसे सकल घरेलू उत्पाद का 2.5% करने का लक्ष्य रखा था। स्वास्थ्य बजट में न तो वास्तविक रूप से वृद्धि हुई है और न ही घाटे वाले क्षेत्रों में सार्वजनिक/निजी क्षेत्र को मजबूत करने की कोई नीति है। जबकि आयुष्मान भारत पोर्टेबिलिटी प्रदान करता है, किसी को यह नहीं भूलना चाहिए कि कमी वाले क्षेत्रों में अस्पतालों की स्थापना में समय लगेगा। यह बदले में रोगियों को दक्षिणी राज्यों की ओर आकर्षित कर सकता है, जिनके पास शेष भारत की तुलना में तुलनात्मक रूप से बेहतर स्वास्थ्य ढांचा है। जैसा कि हाल ही में देखा गया है, कोविड-19 जैसी महामारी के दौरान रोगियों का अतिरिक्त भार उठाने के लिए भारत के बुनियादी ढांचे की क्षमता पर संदेह है। सरकार द्वारा प्रचारित एक नीति के रूप में चिकित्सा पर्यटन (विदेशी पर्यटक/मरीज) बढ़ रहा है, और घरेलू रोगी भी, बीमित और गैर-बीमाकृत दोनों।ग्रामीण भारत में केवल 11% उप-केंद्र, 13% प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 16% सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों को पूरा करते हैं। प्रत्येक 10,000 लोगों के लिए केवल एक एलोपैथिक डॉक्टर उपलब्ध है और 90,000 लोगों के लिए एक सरकारी अस्पताल उपलब्ध है। मासूम और अनपढ़ मरीजों या उनके रिश्तेदारों का शोषण किया जाता है। अधिकांश केंद्र अकुशल या अर्ध-कुशल पैरामेडिकल द्वारा चलाए जाते हैं और ग्रामीण सेटअप में डॉक्टर शायद ही कभी उपलब्ध होते हैं। मरीजों को जब आपात स्थिति में तृतीयक देखभाल अस्पताल में भेजा जाता है जहां वे अधिक भ्रमित हो जाते हैं और स्वास्थ्य कार्यकताओं और बिचौलियों के एक समूह द्वारा आसानी से धोखा खा जाते हैं। बुनियादी दवाओं की अनुपलब्धता भारत की ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा की एक सतत समस्या है। कई ग्रामीण अस्पतालों में नर्सों की संख्या जरूरत से काफी कम है. देश के चरमराते सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे को देखते हुए, अधिकांश रोगी निजी क्लीनिकों और अस्पतालों में जाने को मजबूर हैं। पीएचसी (22%) और उप-स्वास्थ्य केंद्रों (20%) की कमी है, जबकि केवल 7% उप-स्वास्थ्य केंद्र और 12% प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों (आईपीएचएस) के मानदंडों को पूरा करते हैं। उत्तरी राज्यों में शायद ही कोई उप-केंद्र है और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व्यावहारिक रूप से अस्तित्वहीन हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से पहले मील की कनेक्टिविटी टूट गई है। उदाहरण के लिए, उत्तर प्रदेश में प्रत्येक 28 गांवों के लिए एक पीएचसी है। भारत में लगभग 70 प्रतिशत स्वास्थ्य सेवाएं निजी क्षेत्रों द्वारा प्रदान की जाती हैं। यदि आर्थिक बाधाओं या अन्य कारकों के कारण निजी स्वास्थ्य सेवा चरमरा जाती है, तो भारत की संपूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रणाली चरमरा सकती है। कुल स्वास्थ्य व्यय का 70 प्रतिशत से अधिक निजी क्षेत्र द्वारा किया जाता है। हालांकि, टियर-2 और टीयर-3 शहरों में निजी अस्पतालों की पर्याप्त उपस्थिति नहीं है और टीयर-1 शहरों में सुपर स्पेशलाइजेशन की ओर रुझान है। सार्वजनिक और निजी अस्पतालों के बीच समान अवसर का अभाव एक प्रमुख चिंता का विषय रहा है क्योंकि सार्वजनिक अस्पतालों को बजटीय सहायता मिलती रहेगी। यह निजी क्षेत्रों को सरकारी योजना में सक्रिय रूप से भाग लेने से रोकेगा। रोगी स्वास्थ्य व्यय का एक बड़ा हिस्सा वहन करते हैं, जो कि कुल स्वास्थ्य व्यय का 61 प्रतिशत है। यहां तक कि गरीब भी निजी स्वास्थ्य सेवा का विकल्प चुनने को मजबूर हैं, और इसलिए, अपनी जेब से भुगतान करते हैं। नतीजतन, अनुमानित 63 मिलियन लोग सालाना स्वास्थ्य व्यय के कारण गरीबी में गिर जाते हैं। भूगोल, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और अन्य लोगों के बीच आय समूहों जैसे कई कारकों के कारण स्वास्थ्य क्षेत्र में असमानता मौजूद है। श्रीलंका, थाईलैंड और चीन जैसे देशों की तुलना में, जो लगभग समान स्तरों पर शुरू हुए, भारत स्वास्थ्य देखभाल परिणामों पर साथियों से पीछे है। भारत दुनिया में सबसे कम प्रति व्यक्ति स्वास्थ्य देखभाल व्यय वाले देशों में से एक है। बीमा में सरकार का योगदान मोटे तौर पर 32 प्रतिशत है, जबकि ब्रिटेन में यह 83.5 प्रतिशत है। भारत में अत्यधिक खर्च इस तथ्य से उपजा है कि 76 प्रतिशत भारतीयों के पास स्वास्थ्य बीमा नहीं है। नकली डॉक्टरः ग्रामीण चिकित्सक (आरएमपी), जो 80% बा रोगी देखभाल प्रदान करते हैं, के पास इसके लिए कोई औपचारिक योग्यता नहीं है। लोग नीम-हकीमों के शिकार हो जाते हैं, जिससे अक्सर गंभीर अपंगता और जीवन की हानि होती है। सरकार ने कई नीतियां और स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू किए हैं लेकिन सफलता आंशिक ही रही है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2002 में स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च को 2010 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के दो से तीन प्रतिशत तक बढ़ाने का प्रस्ताव है जो अभी तक नहीं हुआ है। अब, राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 ने इसे 2025 तक सकल घरेलू उत्पाद के 2.5 प्रतिशत तक ले जाने का प्रस्ताव दिया है। प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल में भारत के प्रमुख कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के साथ समग्र स्थिति निराशाजनक बनी हुई है। स्वास्थ्य बजट में एनएचएम की हिस्सेदारी 2006 में 73% से गिरकर 2019 में 50% हो गई, क्योंकि राज्यों द्वारा स्वास्थ्य खर्च में एक समान और पर्याप्त वृद्धि नहीं की गई थी। बेहतर स्वास्थ्य के लिए बहुत सारे निर्धारक हैं जैसे बेहतर पेयजल आपूर्ति और स्वच्छता; महिलाओं और लड़कियों के लिए बेहतर पोषण परिणाम, स्वास्थ्य और शिक्षा; बेहतर वायु गुणवत्ता और सुरक्षित सड़कें जो स्वास्थ्य मंत्रालय के दायरे से बाहर हैं।

प्रत्येक 10,000 लोगों के लिए केवल एक एलोपैथिक डॉक्टर उपलब्ध है और 90,000 लोगों के लिए एक सरकारी अस्पताल उपलब्ध है। मासूम और अनपढ़ मरीजों या उनके रिश्तेदारों का शोषण किया जाता है। अधिकांश केंद्र अकुशल या अर्ध-कुशल पैरामेडिक्स द्वारा चलाए जाते हैं और ग्रामीण सेटअप में डॉक्टर शायद ही कभी उपलब्ध होते हैं। मरीजों को जब आपात स्थिति में तृतीयक देखभाल अस्पताल में भेजा जाता है जहां वे भ्रमित हो जाते हैं और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और बिचौलियों के एक समूह द्वारा आसानी से धोखा खा जाते हैं

उई बाबा! जोर का झटका धीरे से!

किशन भावनानी

(वित्त वर्ष 2013-14 में 209 से 2020-21 में 981 और 2021-22 में 1,180) साथियों बात अगर हम इसके पूर्व 17 विपक्षी दलों द्वारा ईडी को पत्र लिखने की करें तो, वैश्विक स्तरपर इतिहास गवाह है कि, हर सरकारों पर जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगता रहता है,क्योंकि कई बार हम मीडिया के माध्यम से जानते रहते हैं कि जो पक्ष था उसकी सरकार विपक्ष और फिर विपक्ष की सरकार पक्ष पर छापे पढ़ते रहते हैं। शायद हम अंदाज लगा सकते हैं कि एक बार उच्चतम न्यायालय ने भी एक जजमेंट में सीबीआई को तोता कमेंट किया था।इसलिए अधिक कुछ कहने की जरूरत नहीं है। परंतु वर्तमान कुछ समय से सीबीआई के स्थान पर ईडी का बवाल और खौफ अधिक छाया हुआ है।

वैश्विक स्तरपर भारतीय लोकतांत्रिक और न्यायिक व्यवस्था मिसालें दी जाता है, जहां सविंधान नियमों विनियमों का कानूनों से बढ़कर कोई नहीं है। याने पीएम से लेकर अंतिम व्यक्ति तक सभी के लिए एक से नियम हैं जो इसकी खूबसूरती को दशार्ते हैं, इसीलिए ही हमारे यहां कहा जाता है मंत्री से लेकर संत्री तक सब बराबर हैं।अभी हमने 5 अप्रैल 2023 को टीवी चैनलों पर देखे कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, भारतीय व्यवस्था के उलट कोर्ट में पेश होने के पहले हिरासत/अरेस्ट में लिए गए फिर मैंन हैंटन कोर्ट न्यूयॉर्क में सुनवाई शुरू हुई और फिर जुमार्ने के साथ दिसंबर में अगली सुनवाई की तारीख दी गई। बता दें वहां चार्जेस फ्रेम करने के पहले ज्यूरी बैठ जाती है और उन चार्जेस का अध्ययन कर निर्णय लेती है कि यह कोर्ट में पेश होने लायक है या टिकेंगे कि नहीं फिर उनकी प्रारंभिक प्रोसेस शुरू होती है। याने भारत से सीधा अलग प्रोसेस! चूंकि 5 अप्रैल 2023 को ही 14 राजनीतिक दलों की ईडी सीबीआई के कथित दुरुपयोग की याचिका की सुनवाई अपेक्स कोर्ट ने सुनने से इनकार कर दिया है। बता दें कि पूर्व में 17 विपक्षी दलों द्वारा ईडी को भी साझा पत्र लिखा था। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ईडी सीबीआई के कथित दुरुपयोग की याचिका सुनने से इनकार 14 राजनीतिक दलों नें याचिका वापस ली।

साथियों बात अगर हम अपेक्स कोर्ट द्वारा 14 राजनीतिक दलों द्वारा ईडी सीबीआई के कथित दुरुपयोग वाली याचिका वापस लेनें की करें तो कोर्ट ने बुधवार कोसीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कथित दुरुपयोग कोलेकर दायर 14 राजनीतिक दलों की याचिका सुनने से इनकारकर दिया, कहा कि राजनेताओं को नागरिकों से ऊंचे पायदान पर नहीं रखा जा सकता है। वे कानून के तहत विशेषउपचार और गिरफ्तारी से छूट की मांग नहीं कर सकते। पीठ ने सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग पर गुहार लगानेवाली याचिका पर विचार करने से मना कर दिया। एससी ने याचिकाकताओं से कहा, आप विशिष्ट मामलों के साथ आयें, हम इससे निपटेंगे, इस क्रम में कहा,हम कुछ आंकड़ों के आधार पर कानून को संक्षेप में नहीं रख सकते हैं। इसके बाद याचिकाकताओं ने अपनी याचिकाएं वापस लेली।पीठ ने कहा, राजनेताओं के पास कोई विशेषधिकार नहीं है।उनका भी अधिकार आम आदमी की तरह ही है।क्या हम सामान्य केस में ये कह सकते है कि अगर जांच से भागने/दूसरी शर्तों के हनन की आशंका न हो, तो किसी शख्स की गिरफ्तारी न हो। अगर हम दूसरे मामलों में ऐसा नहीं कह सकते, तो फिर राजनेताओं के केस में कैसे कह सकते हैं।कोर्ट ने दो टूक कहा है कि देश में नेताओं के लिए अलग नियम नहीं हो सकते हैं, इसी वजह से इस याचिका पर सुनवाई संभव नहीं। कोर्ट एक या अधिक मामलों के साथ वापस आएं, जहां एक विशिष्ट उदाहरण या एजेंसियों का इस्तेमाल चुनिंदा नेताओं को लक्षित करने के लिए किया जा रहा है।उन्होंने कहा, हमने जो कानून निर्धारित किया है, उसके आधार पर हम मामले के तथ्यों के संबंध में सामान्य सिद्धांत विकसित कर सकते हैं।ऐसे विशिष्ट तथ्यों के अभाव में सामान्य दिशा निर्देश पारितकरना खतरनाक होगा। साथियों बात अगर हम याचिकाकताओं की करें तो वैसे विपक्ष की तरफ से वकील ने कहा था कि आंकड़े बताते हैं कि 885 अभियोजन शिकायतें दर्ज की गई थी, सजा सिर्फ 23 में हुईं, ऐसे में 2004 से 2014 तक लगभग आधी अधूरी जांच ही हुईं। ये भी तर्क दिया गया कि 2014 से 2022 तक, ईडी के लिए 121 राजनीतिक नेताओं की जांच की गई है,उनमें से 95 फीसदी विपक्ष से हैं। पुलिस या ईडी अधिकारियों द्वारा गिरफ्तारी और रिमांड के लिए, याचिकाकताओं ने ट्रिपल टेस्ट किए जाने की मांग की, जिसके तहत यह निर्धारित करना होता है कि क्या व्यक्ति फ्लाइट रिस्क पर है, क्या सबूतों के साथ छेड़छाड़ की उचित आशंका है, या गवाहों को प्रभावित किया जा सकता है/डराया जा सकता है। और अदालतें भी समान रूप से गंभीर शारीरिक हिंसा के मामलों को छोड़कर किसी भी संज्ञेय अपराध में व्यक्तियों की गिरफ्तारी के लिए ट्रिपल टेस्ट का प्रयोग कर सकती है।यह तर्क दिया गया कि जहां ये शर्तें संतुष्ट नहीं होती हैं वहां जांच की मांगों को पूरा करने के लिए निश्चित घंटों पर पूछताछ या अधिक से अधिक हाउस अरेस्ट जैसे विकल्पों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।इसी तरह, जमानत के संबंध में याचिकाकताओं ने मांग की कि सभी अदालतों को जमानत नियम के रूप में, जेल अपवाद के रूप में के सिद्धांत का पालन करना चाहिए, विशेष रूप से उन मामलों में जहां अहिंसक अपराध का आरोप लगाया गया है, और जमानत से इनकार केवल वहीं किया जाना चाहिए जहां उपरोक्त ट्रिपल-टेस्ट संतुष्ट हो। याचिका में प्रकाश डाला गया कि छापे पर कार्रवाई की दर यानी छापे के परिणामस्वरूप दर्ज की गई शिकायतें 2005-2014 में 93 प्रतिशत से घटकर 2014-2022 में 29 प्रतिशत हो गई हैं। विपक्षी दलों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता का तर्क था कि 2013-14 से 2021-22 तक सीबीआई और ईडी के मामलों में 600 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ईडी द्वारा 121 नेताओं की जांच की गई है, जिनमें से 95 प्रतिशत विपक्षी दलों से हैं। इसके साथ ही उन्होंने तर्क दिया कि सीबीआई ने 124 नेताओं की जांच की, जिसमें से 95 फीसदी से अधिक विपक्षी दलों से संबंधित हैं।एक ही कानून के अधीन हैं हम सभी, इसी बीच शीर्ष अदालत ने सिंघवी से पूछा कि क्या हम इन आंकड़ों की वजह से कह सकते हैं कि कोई जांच या कोई मुकदमा नहीं होना चाहिए? कोर्ट का कहना है कि अंततः एक नेता मूल रूप से एक नागरिक होता है और नागरिकों के रूप में हम सभी एक ही कानून के अधीन हैं।इसके अलावा, यह दावा किया गया कि धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत अब तक केवल 23 अभियुक्तों को दोषी ठहराया गया है, यहां तक कि पीएमएलए के तहत ईडी द्वारा दर्ज मामलों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है (वित्त वर्ष 2013-14 में 209 से 2020-21 में 981 और 2021-22 में 1,180) साथियों बात अगर हम इसके पूर्व 17 विपक्षी दलों द्वारा ईडी को पत्र लिखने की करें तो, वैश्विक स्तरपर इतिहास गवाह है कि, हर सरकारों पर जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगता रहता है,क्योंकि कई बार हम मीडिया के माध्यम से जानते रहते हैं कि जो पक्ष था उसकी सरकार विपक्ष और फिर विपक्ष की सरकार पक्ष पर छापे पढ़ते रहते हैं। शायद हम अंदाज लगा सकते हैं कि एक बार उच्चतम न्यायालय ने भी एक जजमेंट में सीबीआई को तोता कमेंट किया था।इसलिए अधिक कुछ कहने की जरूरत नहीं है। परंतु वर्तमान कुछ समय से सीबीआई के स्थान पर ईडी का बवाल और खौफ अधिक छाया हुआ है।

यीशु के बलिदान और शिक्षाओं को याद करने का दिन

योगेश

हे ईश्वर! इन्हें क्षमा करें, ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं। यह प्रार्थना थी यीशु (ईसा मसीह) की उन हत्यारों के लिए, जिन्होंने भयावह अमानवीय यातनाएं देते हुए उनके प्राण ले लिए। यीशु के सिर पर कांटों का ताज रखा गया, उन्हें सूली को कंधों पर उठाकर ले जाने को विवश किया गया और गोल गोथा नामक स्थान पर ले जाकर दो अन्य अपराधियों के साथ बेरहमी से कीलों से ठोकते हुए क्रॉस पर लटका दिया गया। यीशु ने उत्पीड़न और यातनाएं सहते हुए मानवता के लिए अपने प्राण त्याग दिए और दया-क्षमा का अपना संदेश अमर कर दिया। पृथ्वी पर बढ़ रहे पापों के लिए बलिदान देकर ईसा ने निःस्वार्थ प्रेम की पराकाष्ठा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सूली पर प्राण त्यागने से पहले यीशु ने कहा था, हे ईश्वर! मैं अपनी आत्मा को तेरे हाथों में सौंपता हूं। यीशु ने मानवता की भलाई के लिए बलिदान दिया। उनके बलिदान, उनकी शिक्षाओं को याद करने का दिन है गुड फ्राइडे। ईसाई मान्यता के अनुसार दुनिया को प्रेम, दया, करुणा, परोपकार, अहिंसा, सद्व्यवहार और पवित्र आचरण का संदेश देने वाले यीशु को इसी दिन उस जमाने के धार्मिक कट्टरपंथियों द्वारा क्रॉस पर चढ़ाया गया था। जिस दिन ईसा मसीह ने प्राण त्यागे थे, उस दिन शुक्रवार था और इसी याद में गुड फ्राइडे मनाया जाता है। ईस्टर के रविवार से पहले पड़ने वाले शुक्रवार को मनाया जाता है और इस वर्ष गुड फ्राइडे 7 अप्रैल को मनाया जा रहा है। ईसाई समुदाय द्वारा इस त्यौहार को शोक के रूप में मनाया जाता है। गुड फ्राइडे को यीशु द्वारा मानवता की भलाई के लिए दिए बलिदान के रूप में देखा जाता है। गुड फ्राइडे के दिन गिरजाघरों में घंटा नहीं बजाया जाता बल्कि लकड़ी के खटखटे बजाए जाते हैं और लोग चर्च में क्रॉस को चूमकर यीशु का स्मरण करते हैं। कुछ स्थानों पर लोग काले कपड़े पहनकर प्रभु यीशु के बलिदान दिवस पर शोक भी व्यक्त करते हैं और यीशु से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। ईसा मसीह के सूली पर चढ़ाए जाने की याद में इस दिन उनके अनुयायी समस्त लौकिक सुविधाओं का त्याग कर देते हैं। इस दिन चर्च और घरों से सजावटी वस्तुएं हटा दी जाती हैं या उन्हें कपड़े से ढ़क दिया जाता है। कैथोलिकों द्वारा शुरू की गई प्रथा के अनुसार गुड फ्राइडे के ठीक 40 दिन पहले आने वाले बुधवार से ईसाई समुदाय में प्रार्थना और उपवास प्रारंभ हो जाते हैं। इस बुधवार को राख का बुधवार कहा जाता है। उपवास के दौरान लोग केवल शाकाहारी और सात्विक भोजन करते हैं। माना जाता है कि यीशु ने मानव सेवा प्रारंभ करने से पहले चालीस दिन तक व्रत किया था और संभवतः इसीलिए उपवास की यह परम्परा शुरू हुई। इस दिन दुनियाभर के ईसाई सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देने के लिए चर्च में चंदा या दान देते हैं। ईसाई धर्म में ईसा मसीह को परमेश्वर का पुत्र माना जाता है। उन्होंने लोगों को क्षमा, शांति, दया, करूणा, परोपकार, अहिंसा, सद्व्यवहार और पवित्र आचरण का उपदेश दिया और उनके इन्हीं सद्गुणों के कारण लोग उन्हें शांति दूत, क्षमा मूर्ति और महात्मा कहकर पुकारने लगे थे। कहा जाता है कि वे यरूशलम के गैलिली प्रांत में लोगों को मानवता, सत्य, एकता, प्रेम, अहिंसा और शांति का उपदेश दिया करते थे। उनके संदेश दूर-दूर तक फैलने लगे और उनके विचारों को लोग अपने जीवन में अपनाने लगे। वहां के लोग उन्हें परमपिता परमेश्वर का दर्जा देने लगे थे। समाज में धार्मिक अंधविश्वास और झूठ फैलाने वाले धर्मगुरूओं को इसी कारण ईसा मसीह से काफी जलन होने लगी थी क्योंकि लोग अपनी समस्याओं को लेकर अब उनके पास नहीं आ रहे थे। करीब दो हजार वर्ष पूर्व उन्हें मृत्युदंड इसीलिए दिया गया।

तू मेरी खुजली मिटा और मैं तेरी

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

रामभरोसे की कानाफूसी वार्ड ब्वॉय बड़े ध्यान से सुन रहा था। वह रामभरोसे के पास आया। परिजन को वहाँ से भगा दिया। वार्ड ब्वॉय ने रामभरोसे से कानाफूसी करते हुए कहा- चुपचाप पड़े रहो। ज्यादा चपड़-चपड़ मत करो। वह डॉक्टर अस्पताल में नया आया है तो क्या हुआ? शुक्र मनाओ नर्स तो पुरानी है। अच्छा है कि तुम जल्दी आ गए। थोड़ा लेट आते तो मेरे हाथों ही नप जाते। तब तुम मिस्टर रामभरोसे नही लेट रामभरोसे कहलाते। वो तो भगवान का भला हो जो तुम्हारी किस्मत अच्छी है। वो जैसा कहते हैं वैसा करो। नहीं तो बिना इलाज के मुफ्त में मारे जाओगे। तभी डॉक्टर ने वार्ड ब्वॉय से मरीज का भर्ती फॉर्म भरवाने के लिए कहा। वॉर्ड ब्वाय ने परिजन से फॉर्म भरवाया। फॉर्म भरकर परिजन जैसे ही पलटा तुरंत उसे टोकते हुए वार्ड ब्वॉय ने कहा झ लगता है तुम्हें अभी अस्पताल के बारे में ठीक से पता नहीं है। लोग समझते हैं कि मरीजों को डॉक्टर ठीक करते हैं। जबकि सच यह है कि मरीज का ठीक होना डॉक्टर या भगवान के हाथ में नहीं हमारे हाथ में होता है। हम यहाँ के वार्ड ब्वॉय नहीं रॉबिनहुड हैं। इसलिए जब तक हमें खुश नहीं किया जाता तब तक मरीज मरीज बनकर रह जाता है या फिर इस दुनिया से नौ दो ग्यारह हो जाता है। इस अस्पताल में मच्छर काटते हैं। पंखा ठीक से काम नहीं करता। हम मरीजों के नौकर नहीं है। जो उनके इशारों पर नाचेंगे। जो हमारा ख्याल रखता है हम उनका ख्याल रखते हैं। हमारी तो एक ही पॉलिसी है झ तू मेरी खुजली मिटा मैं तेरी। डॉक्टरों का क्या है? सुबह-शाम एक-एक राउंड मारेंगे, दवा लिखेंगे और रफू चक्कर हो जायेंगे। और जहाँ तक सवाल नर्सों का है, वो तो डॉक्टर की बताई दवाई-पट्टी करती हैं। वे अपनी ओर से कुछ नहीं करती। वो तो हम हैं जो मरीजों के साथ कदम-कदम या यूँ कह लो कि सांस-सांस पर रहते हैं। काम तो हमारा वार्ड के भीतर मरीजों की तीमारदारी और नर्सों का सहयोग करना है, लेकिन वाकई में हम करते क्या हैं, यह जानकर तुम भी हैरत में पड़ जाओगे। न जाने कैसे-कैसे नमूने मुँह उठाये यहाँ आ जाते हैं। सबके अपने-अपने नखरे और चोंचले होते हैं। यह सब देखकर हम अपने काम से ऊब जाते हैं। अब तुम ही बताओ हम किनकी-किनकी सुनें। अगर हम अपनी दबंगई पर उतर आए तो मजाल कोई डॉक्टर या नर्स किसी मरीज का इलाज कर पायें।

पूरी पारदर्शिता से किसानों के खाते में पहुंच रही सम्मान निधि: खरे

भाजपा ने मनाया 44वां स्थापना दिवस

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भाजपा के 44वें स्थापना दिवस पर जिले के 11 मंडलों के 850 बूथों पर हुए कार्यक्रम में जिला कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता में झंडा फहराया गया। मंडलों में मऊ में अशोक जाटव, चित्रवार में आनंद शुक्ल, मानिकपुर में अरविंद रलिहा, राजापुर में दिनेश तिवारी, सीतापुर ग्रामीण में रंजना उपाध्याय, बरगढ़ में सुशीला, पहाड़ी में सुशील द्विवेदी, शिवरामपुर में भैरो प्रसाद मिश्र, गोबरौल में गंगाधर मिश्र, चकौंध में दशरथ प्रजापति, बेराऊर में शिवशंकर सिंह, बनकट में रामरतन प्रजापति, प्रयागराज रोड में आनन्द त्रिपाठी बब्बू मुख्य अतिथि रहे। गुरुवार को जिला कार्यालय में जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, जिला महामंत्री राजेश जायसवाल की मौजूदगी में शुभारम्भ में जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने ध्वजारोहण कर किया। डॉ श्यामा प्रसाद

मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर दीवाल लेखन का शुभारंभ हुआ। भाजपा पिछड़े मोर्चे ने गांव-गांव, गली-गली जनसंवाद क्षेत्रीय मंत्री राजेश सेन, जिला महामंत्री राजेश जायसवाल, आलोक पाण्डेय, लवलेश निषाद, अखिलेश रैकवार की सामूहिक अगुवाई में अमानपुर गांव में शुरूवात हुई। चन्द्र प्रकाश खरे ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार किसानो, गरीबों के कल्याण को सतत कार्य कर रही है। सूबे के 2.5 करोड से अधिक किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि पूरी पारदर्शिता से पहुंच रही है। नीतियों में बदलाव से गरीबों के जीवन में आशातीत बदलाव भाजपा की डबल इंजन सरकार ला रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि भाजपा किसानो की हितैषी सरकार है। पूर्व विधायक आनंद शुक्ल ने कहा कि किसान मोर्चा के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर किसानों को प्राकृतिक खेती करने को जागरूक करें। पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र ने कहा कि किसानो का कल्याण ही भाजपा का संकल्प है। सामाजिक न्याय सप्ताह अभियान के संयोजक जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि 43 वर्ष की इस अविराम यात्रा को दो शब्दों में कहें तो कह सकते हैं भाजपा-एक आन्दोलन। भाजपा ने सेवा भाव से ही कार्य किया है। भाजपा के लिए राष्ट्र सर्वोपरि भाव ही महत्वपूर्ण है। भाजपा के लिए व्यक्ति से बडा दल और दल से बडा राष्ट्र है। जिला महामंत्री राजेश जायसवाल ने संचालन किया। इस मौके पर हरिओम करवरिया, पंकज अग्रवाल, निर्मलेद्र पांडे, अनूप त्रिपाठी, भागवत त्रिपाठी, अर्चना सिंह, अनीता सिंह, श्याम गुप्ता, विनोद पाण्डेय, आशीष पाण्डेय व समस्त कार्यकर्ता सहभागी बने।

पुलिस ने जिला बदर को किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर वीर प्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा बल्देव सिंह की टीम ने जिला बदर प्रदीप उर्फ पिंटू पुत्र रामसुमेर निवासी महुवापुर ऐलहाबढ़ैया को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को जिला बदर के नियमों का उल्लंघन करने पर आरोपी के खिलाफ थाना मानिकपुर में मामला दर्ज किया गया है। ये आरोपी जिलाधिकारी के जिला बदर के आदेश का उल्लंघन कर गांव में घूम रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा है। टीम में दरोगा बल्देव सिंह, सिपाही चन्द्रप्रकाश शामिल रहे।

इसी क्रम में राजापुर थानाध्यक्ष भास्कर मिश्रा की अगुवाई में दरोगा

कन्हैया बक्श सिंह की टीम ने राधेश्याम केवट पुत्र लेसना कस्बा राजापुर के कब्जे से बीस क्वार्टर देशी शराब बरामद कर दबोचा है। थाने में मामला दर्ज कर चालान किया है।

स्टेडियम में होगा खेलों का प्रशिक्षण

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि क्रिकेट एथलेटिक्स लान टेनिस का प्रशिक्षण शिविर 2023-24 मई में स्पोर्ट्स स्टेडियम के अंदर योग्य प्रशिक्षकों ने शुरू कर दिया है। क्रिकेट एथलेटिक लॉन टेनिस में जो भी खिलाड़ी प्रशिक्षण शिविर में भाग लेना चाहे, वह अपने कोचों से संपर्ककर सवेरे एवं शाम को प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। गुरुवार को उन्होंने बताया कि खिलाड़ी की आयु 18 वर्ष से कम होनी चाहिए। जो खिलाड़ी प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे, उन्हें अपना आधारकार्ड, जन्म तिथि प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र प्रशिक्षक को देना होगा। एथलेटिक का प्रशिक्षण अंगद सिंह, एनआईएस क्रिकेट का प्रशिक्षण फिरोज अंसारी, एनआईएस लॉन टेनिस का प्रशिक्षण शेखर सोनकर राष्ट्रीय खिलाड़ी लॉन टेनिस देंगे। प्रशिक्षण पूरी तरह से नि:शुल्क है। इसमें खिलाड़ी को 60 रुपये रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप में एक वर्ष के लिए लगेगा।

गुरुवार को भाजपा स्थापना दिवस को लेकर कस्बा बम्होरी शक्ति केंद्र की बैठक संपन्न

सिलवानी। भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस 6 अप्रैल दिन गुरुवार को मनाए जाने को लेकर सिलवानी तहसील के कस्बा बम्होरी में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सिलवानी जनपद पंचायत अध्यक्ष ठाकुर तरुवर सिंह जी राजपूत, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला जी शामिल हुए। भाजपा मंडल अध्यक्ष शुक्ला ने कहा कि शक्ति केन्द्रो के पंच परमेश्वर, बूथ अध्यक्ष, महामंत्री वीएल.ए. जनप्रतिनिधि सभी को अपने मतदान केंद्र पर झंडा फहराकर स्थापना दिवस को आवश्यक रूप में उत्साह पूर्वक मनाना है।

न्यूज झरोखा

15 दिन के भीतर डॉ ऋषि खाली करें सरकारी आवास: सीएमओ, न खाली करने पर पुलिस के जरिये करायेंगे आवास खाली

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने डॉ ऋषि कुमार को एक अप्रैल को लिखे पत्र में आदेश दिया है कि 15 दिन के भीतर राजकीय आवास खालीकर उन्हें सूचना दें। ऐसा न करने पर पुलिस बल के जरिये आवास खाली करा लिया जायेगा। इस पत्र की प्रतिलिपि उन्होंने जिलाधिकारी को भी भेजी है।

गुरुवार को सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने डॉ ऋषि कुमार को एक अप्रैल को लिखे पत्र में कहा कि राजकीय आवास खाली करने बाबत 24 मार्च को पत्र लिखा गया था। आपका त्याग पत्र मंजूर करने बाबत निर्णय शासन स्तर से लिया जाना है। ऐसे में इस बीच सरकारी सेवा करते रहना चाहिए था, लेकिन ऐसा न कर अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर रहे। आपके कृत्यों से जनहित के कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

उन्होंने डॉ ऋषि कुमार को लिखे पत्र में ये भी कहा कि संज्ञान में आया है कि राजकीय सेवायें तो नहीं दे रहे। अलबत्ता अपने राजकीय आवास में रहते हुए प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे हैं, जो एक दंडनीय अपराध है। उन्होंने डॉ ऋषि कुमार को निर्देश दिये कि पत्र पाने के 15 दिन के भीतर राजकीय आवास खाली कर उन्हें सूचित करें। ऐसा न करने पर पुलिस बल के जरिये आवास खाली करा लिया जायेगा। इस बाबत डॉ ऋषि कुमार से बात करने का प्रयास किया गया। उन्होंने बात करने की जरूरत नहीं समझी।

बूडे हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनी हनुमान जयंती, महिलाओं ने कीर्तन कर 11 सौ दीप जगमगाए

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। बूडे हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। सैकड़ों महिलाओं ने कीर्तन कर 11 सौ दीपों से मंदिर को जगमगाया। अखंड रामनाम संकीर्तन के साथ भक्तों को बूंदी और भांग का प्रसाद बांटा गया। गुरुवार को मंदिर के पुजारी रामदास महराज ने बताया कि कलयुग में हनुमान जी साक्षात देव हैं। तीर्थक्षेत्र में तो प्रभु की सेवा के लिए वह सदैव यहीं रहते हैं। हनुमान जयंती में बजरंगी सरकार की विशेष कृपा का लाभ भक्तों को मिलता है। गुरूवार को हनुमान जयंती पर सवेरे से देर रात्रि तक मंदिर में आयोजनों का दौर जारी रहा। सीतापुर क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने मंदिर में कीर्तन किया। अखंड रामनाम संकीर्तन से मंदिर का जर्रा-जर्रा राममय हो गया। शाम को 11 सौ दीप से मंदिर को सजाया गया। विधि-विधान से पूजन-अर्चन के बाद आरती हुई। भक्तों को बूंदी और भांग का प्रसाद बांटा गया। भण्डारे में भी लोगों ने प्रसाद चखा।

जिले के हनुमान मंदिरों और मठ-मंदिरों में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। बरहा हनुमानजी, नांदी सरकार, हनुमान धारा, लैना बाबा शिवरामपुर, बरियारी कला समेत मंदिरों में हनुमानजी के जन्मोत्सव की धूम रही। जय श्री राम के गगनभेदी जयकारों से धर्मनगरी का चप्पा-चप्पा गूंजता रहा।

हमीरपुर में बिना बिल पकड़ा 1.10 करोड़ का सोना

हमीरपुर। हमीरपुर शहर में अमृतसर के व्यक्ति से राज्य कर एवं आबकारी विभाग ने बिना बिल एक करोड़ दस लाख का सोना पकड़ा है। विभाग को गुप्त सूचना के आधार पर इस बात की जानकारी लगी कि बाहरी राज्य का व्यक्ति अपने बैग में सोना लेकर घूम रहा है।

जानकारी मिलते ही राज्य कर एवं आबकारी विभाग की टीम ने हमीरपुर शहर में दबिश देकर अमृतसर के इस व्यक्ति को दबोच लिया।

ससुराल में विवाहिता की मृत्यु, पिता की तहरीर पर पति समेत 4 पर मामला दर्ज

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिले में संदिग्ध दशा में घर के अंदर महिला की मृत्यु होने पर मायके पक्ष ने ससुरालीजनों पर मारपीट कर जान से मारने का आरोप लगाया है। पुलिस ने चार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्जकर पड़ताल शुरू कर दी है।

विवाहिता की मृत्यु की ये घटना कर्वी कोतवाली क्षेत्र के सिद्धपुर गांव में हुई। बताया गया कि सिद्धपुर गांव की दीपा (28) पत्नी घनश्याम की संदिग्ध दशा में घर के अंदर मृत्यु हो गई। मृतका के पिता भइयालाल निवासी लोहदा पहाड़ी ने बताया कि वर्ष 2016 में पुत्री दीपा की शादी घनश्याम के साथ की थी। ससुरालीजन पुत्री के साथ मारपीट व दहेज की मांग करते थे। मंगलवार को सवेरे पुत्री ने फोन कर मायके जाने को कहा था। पिता ने बताया कि पुत्री को ससुराल से लेकर अपने घर जा रहा था, लेकिन दामाद घनश्याम ने रास्ते में दीपा को मनाकर वापस घर ले आया था। ससुरालीजनों ने इस घटना को अंजाम दे दिया।

फोन से घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे तो दीपा मृत पड़ी थी और उसके गले में रस्सी के निशान थे। मृतका के दो पुत्र हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। कोतवाल दीपेंद्र सिंह ने बताया कि पिता भइयालाल वर्मा की तहरीर पर पति घनश्याम, सास बेसनिया देवी, ननद गोलू देवी व ससुर कमलेश वर्मा पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कर लिया है। जल्द गिरफ्तारी होगी।

कलेक्टर की बड़ी कार्यवाही, पटवारी निलंबित, नायब तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस

सिलवानी । अनुपयोगी खुले पड़े हुए बोरवेल बन्द किये जाने के निदेशों की अवेहलना करने व गलत रिपोर्ट प्रस्तुत किये जाने पर सिलवानी तहसील क्षेत्र के हल्का नम्बर 61 के पटवारी पंकज अर्मा को कलेक्टर अरविन्द कुमार दुबे ने निलंबित कर दिया। इसी मामले में नायब तहसीलदार सिलवानी अनीस धाकड़ को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर तीन दिवस में जबाव मांगा गया है।

उल्लेखनीय है कि सोमवार को सिलवानी तहसील के ग्राम भानपुर में 10 वर्षीय आशीष केवट दोपहर में खुले पड़े बोरवेल में गिर गया था। जिसे ग्रामीणों की सूझ बुझ से सुरक्षित बाहर निकाल लिया था। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचे और बच्चे से बात कर उसे सिविल हॉस्पिटल सिलवानी पहुंचाया और घटना स्थल का निरीक्षण किया।

बच्चे के बोरवेल में गिरने की घटना से एक बार फिर बोर से जुड़ी लापरवाही सामने आई। मामले में कलेक्टर रायसेन ने पटवारी को निलंबित करने आदेश जारी कर दिये। कलेक्टर के निर्देश पर भू-अभिलेख कार्यालय से 14 मार्च को राजस्व अधिकारियों को इस सम्बंध में जानकारी देने व खुले पड़े बोर बन्द करवाने के आदेश जारी किया गया था।

उक्त आदेश के बाद पटवारी पंकज अर्मा द्वारा जो रिपोर्ट दी थी उसमें ग्राम भानपुर में कोई भी बोर खुला न होना बताया गया था। पटवारी की गलत जानकारी के बाद 3 अप्रैल को भानपुर में ही बच्चे के बोर में गिरने की घटना घटित हो गई, मामले में तत्काल कार्रवाई कलेक्टर द्वारा की गई।

छत्तीसगढ़ की पहचान ईडी और सीडी की बन चुकी है : रमन सिंह

रायपुर। नान घोटाले की जांच मामले पर अपने निवास स्थान पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान "नान घोटाले की जांच ईडी कर रही है, और किसी को हवा तक नहीं लगी" पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा जब मुख्यमंत्री बघेल की नजर किसी चेहतों के यहां पड़ रहे ईडी के छापों पर रहती हैं तो ईडी की बाकी कार्यवाही दिखेगी कैसे? छत्तीसगढ़ की पहचान ईडी और सीडी की बन चुकी है। नान मामले में बयान करते समय पूरे तथ्य सामने नहीं रखे गए।

उन्होंने कहा कि कैसे मुख्यमंत्री हैं? जिनको राज्य में चल रहे ईडी की जांच की भी जानकारी नहीं रहती। उन्होंने ही नान मामले में प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर ईडी से जांच की मांग की थी।

नान मामले के मुख्य आरोपी आलोक शुक्ला और अनिल टुटेजा पर 9 जनवरी 2019 को ईडी ने केस रजिस्टर्ड किया, 13 मार्च 2020 को समन भेजा गया। इन दोनों मामलों में 3 बार दिल्ली बुलाया, अपील करने पर जमानत मिली। जिसके लिए उन्हें प्रधानमंत्री का धन्यवाद करना चहिए कि उनके लिखे लिख पत्र के बाद संज्ञान लेते हुए जांच को आगे बढ़ाया गया।केंद्रीय एजेंसी जांच कर रही है अब इसमें शंका करने की कोई गुंजाइश नहीं है अब उन्हें संतुष्ट होना चाहिए।

इसके साथ ही डॉ रमन ने कांग्रेस पार्टी में चल रही उथलपुथल के विषय पर कहा कि मुख्यमंत्री चाहते है कि प्रदेश अध्यक्ष बदल दिया जाए

कुआ निर्माण में धडल्ले से हो रही ब्लास्टिंग

बडे पैमाने पर कुआ निर्माण में मानक विपरीत हो रहा कार्य

अखंड भारत संदेश

मानिकपुर/चित्रकूट। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिंचाई विभाग से पाठा क्षेत्र में तकरीबन एक सैकड़ा कुआ निर्माण हो रहा है। बड़े पैमाने पर मानक के विपरीत कुआ निर्माण किया जा रहा है। संबंधित अवर अभियंता इस ओर से आंख मूंदे हैं। शुक्रवार को मानिकपुर ब्लाक में तमाम स्थानों पर कुआ निर्माण में धड़ल्ले से बिना लाइसेंस के ब्लास्टिंग की जा रही है। किसानों के खेतों में सिंचाई को कुओं का निर्माण लघु सिंचाई विभाग करा रहा है। लघु सिंचाई विभाग से मानिकपुर क्षेत्र में तकरीबन एक सैकडा कुआ निर्माण का टेंडर हुआ है। कई ठेकेदारों ने टेंडर डालकर अपने नाम कुआ आवंटित करवाकर बनवाने का ठेका लिए हैं, लेकिन पाठा क्षेत्र में जितने भी कुओं का निर्माण हो रहा है, उसमे ज्यादातर कुओं का निर्माण मानक के अनुसार नहीं हो रहा। हर कुआ पर मानक के अनुसार गहराई और

चैड़ाई नहीं दी जा रही है। मजेदार बात ये है कि जिले में एक भी पत्थर की खदान नहीं चल रही है। ठेकेदारों को कुआ निर्माण के कार्य में सभी कुओं में पिचिंग का कार्य ढोकों से करवाना है। जिले में एक भी ढोका की खदान न चलने से कुआ निर्माण में पिचिंग के लिए ढोका कहां से आता है। सूत्रों ने बताया कि ठेकेदार ग्राम पंचायत स्तर में सांठगांठ करके अवैध ढंग से खनन करवाकर ढोका एकत्र कर रहे हैं। पेमेंट करवाने को एमएम 11 फर्जी रवन्ना शंकरगढ़ की खदानों का लगाया जा रहा है। फर्जी रवन्ने के आधार पर अवर अभियंता एमबी कर रहे हैं। जिले में मानिकपुर क्षेत्र में किसी के पास ब्लास्टिंग मशीन का लाइसेंस नहीं है। मप्र के लाइसेंस धारक नूतन शर्मा से ठेकेदारों ने अवैध ढंग से पुलिस से सांठगांठ करके ब्लास्टिंग करवाई जा रही है। इस गोरखधंधे में संबंधित अधिकारी क्यों आंखे मूंदे हुए हैं। इस बाबत अवर अभियंता मानिकपुर अवध नारायण ने बताया कि शंकरगढ़ की खदानों का रवन्ना देते हैं, तब एमबी करते है। रही बात ब्लास्टिंग की तो ये ठेकेदारों का सरदर्द है।

तरांव गांव में प्रधान-सचिव की मिलीभगत से हो रही धांधली

वन विभाग की जमीन पर करवाये निर्माण कार्य का भुगतान लेने की तैयारी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। कर्वी ब्लाक के तरांव गांव में प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि की दबंगई खूब देखने को मिल रही है। प्रधान व सचिव की मिलीभगत से सरकारी निदेशों को दर किनार कर निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं।

गुरुवार को कर्वी ब्लाक के तरांव गांव में प्रधान व सचिव की दबंगई देखने को मिली। मनरेगा योजना से सरकारी निदेशों को दर किनार कर सीसी रोड के ऊपर इंटरलॉकिंग खडंजा निर्माण कराया गया। इसका भुगतान करवाने की तैयारी में प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि जुटे हैं। तरांव में आमोद के घर से नत्थू के घर तक 3.83 लाख की लागत से सीसी रोड पर इंटरलॉकिंग खडंजा बनवाया गया है। बालकेश, कुबेर और राजबहादुर के घर से टिर्रा के घर तक 6.36 लाख की लागत से पत्थर के खडंजे के ऊपर इंटरलाकिंग खड़ंजा बनवाया है। नत्थू वर्मा के घर से रामप्रसाद और चिपुई के घर तक 5.18 लाख की लागत से पत्थर के खडंजे पर इंटरलाकिंग खड़ंजा निर्माण किया है। सूत्रों ने बताया कि कुछ जगहों के पत्थर के खड़ंजे निकलवाकर प्रधान ने अपने घर में रखवा लिये हैं। प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि निर्माण कार्यों का भुगतान करवाने की तैयारी में जुटे हैं। इससे पहले भी प्रधान ने वन विभाग की जमीन पर इंटरलॉकिंग खडंजा निर्माण कराकर मनमानी ढंग से भुगतान करवाया था। तत्कालीन सचिव राजेश सिंह ने सरकारी नियमों को दरकिनार कर वन विभाग की जमीन पर निर्माण कार्य कराए थे। उन कार्यों का भुगतान भी हो गया था, जबकि ये निर्माण कार्य पहले भी कराए जा रहे थे। वन विभाग के मना करने पर भी वन विभाग की जमीन पर निर्माण कार्य करवाये गये थे। मौजूदा प्रधान स्नेहलता व प्रधान प्रतिनिधि की मिलीभगत से सरकारी निदेशों को ठेंगा दिखाकर भुगतान की तैयारी की जा रही है।

तरांव गांव का प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार पेशे से अध्यापक है, जो रामनगर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय विसौंधा में कार्यरत है। शिक्षण कार्य से ज्यादा ध्यान प्रधानी में दे रहे हैं। इससे विद्यालय में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं को दिक्कतें हो रही हैं। ग्रामीणों ने प्रधान प्रतिनिधि व सचिव के खिलाफ कार्यवाही की मांग डीएम से की है।

13 के सम्मेलन को शानू ने सौंपी जिम्मेदारी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन रामघाट सीतापुर इकाई की बैठक मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता की मौजूदगी में हुई। आगामी 13 अप्रैल को कर्वी में होने वाले व्यापारी महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर रामघाट के व्यापारियों से चर्चा कर कमेटी का विस्तार किया। शुक्रवार को मां मंदाकिनी किनारे रामघाट में व्यापारियों की बैठक बतौर मुख्य अतिथि शानू गुप्ता का सुनील हड्डू, शेषू जायसवाल, विनोद आर्य, सुनील जायसवाल व संगठन पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों के मान-

सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा एवं एकजुटता को व्यापारी महासम्मेलन 13 अप्रैल को मंदाकिनी पैलेस में पूर्वान्ह 11 बजे से होगा। उन्होंने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव में अब व्यापारी बड़ा परिवर्तन करेंगे। नई सोच-नई ऊर्जा के साथ समाज के दुख-सुख में हमेशा खड़े रहने वाले कर्म योगी को चुनाव लडायेंगे। व्यापारियों ने कई समस्याएं जैसे रामघाट में दो वर्षों से शौचालय न होने से श्रद्धालुओं को बहुत समस्या होती है। गिराई दुकानों का मुआवजा नहीं मिला। ऐसी कई समस्याओं के निदान को चर्चा हुई। कमेटी विस्तार में महेश केसरवानी को वरिष्ठ संरक्षक, आशीष गुप्ता को अध्यक्ष, वीरेंद्र तिवारी को महामंत्री, सौरभ केसरवानी को कोषाध्यक्ष, अभिषेक केसरवानी को उपाध्यक्ष, जानकी शिवहरे, दीपक केसरवानी, प्रदीप केसरवानी व पंकज, लखन अग्रवाल को संरक्षक, सीताराम अग्रवाल संरक्षक, अनूप केशरवानी को मंत्री, सतीश गुप्ता, राजकरण अनुरागी, अंकुश निषाद, बबलू नामदेव को जिम्मेदारी सौंपी गई

दाने-दाने का मोहताज पाकिस्तान, फ्री राशन बांटने में हो रही धोखाधड़ी, ग्रामीणों ने लगाया आरोप

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के मनसेहरा गांव के लोगों ने प्रशासन पर फ्री में राशन बांटने के दौरान धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार जरूरतमंद परिवारों के लिए आटे को मुफ्त में बंटवाती है, लेकिन कुछ लोग गलत तरीके से इसे बांट रहे हैं।

400 परिवारों के लोगों को नहीं मिल रहा आटा

जुल्लो गांव परिषद के मौलाना वकार अहमद ने कहा कि कुछ लोग जिला प्रशासन के आटा वितरकों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इसकी वजह से गांव के 400 परिवारों को उनका राशन नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि जब लोग अपने हक का राशन लेने पहुंचे तो वहां मौजूद आटा वितरकों ने यह करकर मना कर दिया कि उनके बैग पहले ही ले जाए जा चुके हैं। अहमद ने कहा कि जुल्लो, बोहराज, बसुंद और आसपास के इलाकों में ज्यादातर लोगों को उनका राशन नहीं मिल पा रहा है।

एक अप्रैल को हुई थी भगदड़ की घटना

गौरतलब है, इससे पहले एक अप्रैल को पाकिस्तान के कराची में फ्री राशन को लेकर भगदड़ मच गई थी। इस भगदड़ में मरने वालों की संख्या 12 बताई गई थी। इसमें 9 महिलाएं शामिल थीं। दरअसल, पाकिस्तान के सिंध प्रांत के कराची के नॉरिस चौरंगी में रंगाई कारखाने में गरीबों को फ्री का राशन बांटा जा रहा था। इसी दौरान भगदड़ मच गई थी। इसमें दर्जन भर लोगों की मौत और कई लोग घायल हो गए थे।

रिचर्ड वर्मा ने विदेश मंत्रालय में प्रबंधन-संसाधन उपमंत्री के रूप में ली शपथ, भारत में रह चुके हैं राजदूत

वाशिंगटन। भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत रिचर्ड वर्मा ने विदेश विभाग में प्रबंधन और संसाधन मामलों के उपमंत्री का कार्यभार संभाल लिया है और इस प्रकार वह विदेश विभाग में सर्वोच्च रैंक वाले भारतीय-अमेरिकी बन गए हैं। विदेश मंत्रालय में शीर्ष पद की शपथ लेने के बाद वर्मा ने एक ट्वीट में कहा कि विदेश मंत्रालय में वापसी करना सम्मान की बात है।

अमेरिकी सीनेट ने पिछले महीने की थी पुष्टि

विदेश मंत्रालय के प्रबंधन और संसाधन उपमंत्री को अमेरिका में विदेश मंत्रालय के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) के रूप में जाना जाता है। 54 वर्षीय वर्मा एक वकील, राजनयिक और कार्यकारी अधिकारी रह चुके हैं। वर्मा की नियुक्ति बनाने के लिए अमेरिकी सीनेट ने पिछले महीने 26 के मुकाबले 67 मतों से मंजूरी दी थी। वर्मा ने 16 जनवरी, 2015 से 20 जनवरी, 2017 तक भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में कार्य किया था और वर्तमान में वह मास्टरकार्ड में मुख्य कानूनी अधिकारी और वैश्विक सार्वजनिक नीति के प्रमुख थे।

ओबामा प्रशासन में भी कर चुके हैं काम

ओबामा प्रशासन के दौरान वर्मा ने विदेश मंत्रालय के विधायी मामलों के सहायक मंत्री के रूप में भी कार्य किया था। इससे पहले अपने करियर में वह अमेरिकी सीनेटर हैरी रीड के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे, जबकि वे डेमोक्रेटिक सचेतक, अल्पसंख्यक नेता और अमेरिका की सीनेट के तत्कालीन बहुमत के नेता रह चुके हैं।

डोनाल्ड ट्रंप ने खुद पर लगाए आरोपों को बनाया सियासी हथियार, राष्ट्रपति चुनाव के लिए बनाई यह रणनीति

वाशिंगटन। डोनाल्ड ट्रंप के बारे में जो लोग जानते हैं उन्हें यह जानकर आश्चर्य नहीं होगा कि वह अपनी मार्केटिंग के लिए कुछ भी कर सकते हैं। ट्रंप ने खुद पर लगाए आरोपों को लेकर एक खास रणनीति बनाई है, जिसका इस्तेमाल वह राष्ट्रपति चुनाव के लिए कर रहे हैं। उनकी वेबसाइट पर एक टीशर्ट लॉन्च की गई है, जिसपर लिखा है- बता दें, इस टीशर्ट की बिक्री उनके मैनहट्टन कोर्ट में पहुंचने के कुछ ही मिनटों बाद शुरू हो गई थी। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रिहा कर दिया गया है। पॉर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स से जुड़े आपराधिक मामले में मंगलवार को मैनहैटन की अदालत में पेश होने पहुंचे ट्रंप को गिरफ्तार कर लिया गया था। ट्रंप के खिलाफ 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले पॉर्न स्टार को मुंह बंद रखने के लिए पैसे देने और उसे छिपाने के लिए आर्थिक रिकॉर्ड में हेराफेरी समेत 34 आरोप लगे हैं। कोर्ट में पेशी के दौरान ट्रंप ने सभी आरोपों को गलत बताते हुए खुद को बेकसूर बताया था। जुर्माना राशि स्टॉर्मी डेनियल्स को दी जाएगी। सुनवाई के बाद ट्रंप कोर्ट से रवाना हो गए। इस मामले में अगली सुनवाई चार दिसंबर को होगी।

कनाडा में हिंदू मंदिर पर हमला, तोड़फोड़ कर लिखे भारत विरोधी नारे

ओट्टावा। कनाडा में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया जाना नहीं रुक रहा है। इस बार विंडसर के एक हिंदू मंदिर पर हमला कर वहां तोड़फोड़ की गयी। नकाबपोश हमलावरों ने मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे भी लिखे।

जानकारी के अनुसार विंडसर के श्री स्वामी नारायण मंदिर में यह हमला हुआ है। मंदिर में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त किया गया है। साथ ही मंदिर की दीवारों पर भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लिखे गए हैं। यह घटना खालिस्तान समर्थकों की ओर से अंजाम दी गयी मानी जा रही है क्योंकि मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारों के साथ खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखे गए हैं। मंदिर प्रबंधन ने विंडसर में श्री स्वामीनारायण मंदिर को निशाना बनाने पर हैरानी व्यक्त की है। प्रबंधन की ओर से जानकारी दी गयी कि मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारों को देखकर हैरानी हुई। तत्काल

कार्रवाई के लिए घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी गई है। विंडसर पुलिस ने हमले के सीसीटीवी फुटेज का वीडियो जारी किया है। पुलिस के मुताबिक स्थानीय समयानुसार रात 11 बजे से सुबह 1 बजे तक विडंसर के नार्थवे एवेन्यू में 1700 ब्लॉक स्थित हिंदू मंदिर में कुछ हमलावर पहुंचे। आधी रात 12 बजे के आसपास सीसीटीवी के वीडियो फुटेज में दो हमलावर दिखाई दे रहे हैं। उनमें से एक मंदिर की दीवार पर तोड़फोड़ कर रहा है और दूसरा नजर बनाए हुए है। घटना के समय एक संदिग्ध काला पैंट, काला स्वेटर पहने था और उसकी पैंट में सफेद लोगो दिख रहा है। हमलावरों ने मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे भी लिखे। पुलिस दोनों संदिग्ध हमलावरों की तलाश कर रही है।

खैबर पख्तूनख्वा में आतंकियों और पाकिस्तानी सेना के बीच मुठभेड़, आठ आतंकी ढेर, एक सैनिक की भी मौत

इस्लामाबाद। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक आतंकवादी ठिकाने पर रात भर की गई छापेमारी में आठ आतंकवादी मारे गए। वहीं एक सैनिक की भी मौत हो गई।

सेना की मीडिया आईएसपीआर (इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस) ने एक बयान में कहा है कि अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए एक अभियान में सुरक्षा बलों ने आठ आतंकवादियों को मार गिराया। जबकि एक सैनिक की भी मौत हो गई।

हथियार और गोला-बारूद जब्त

एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी थी, जिसके जवाब में सैनिकों ने कार्रवाई की। इस दौरान आतंकवादी कमांडर जन मुहम्मद उर्फ चार्ग सहित आठ आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया। मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार और गोला-बारूद जब्त किए गए, जो सुरक्षा बलों के

खिलाफ आतंकी गतिविधियों और निर्दोष नागरिकों की हत्या में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के सुरक्षा बल आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए तैयार हैं।

एक हजार से ज्यादा कार्रवाई

बता दें, फिलहाल सेना ने अभी तक मारे गए आतंकवादियों के समूह की पहचान नहीं की है। पाकिस्तान में आतंकी हमले बढ़ने के बाद सरकार ने इसके खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इसी को लेकर यह कार्रवाई की गई थी। मीडिया रिपोर्ट की माने तो खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अभी तक कम से कम 1,960 अभियान चलाए जा चुके हैं।

उत्तर कोरिया ने दी परमाणु युद्ध की धमकी, अमेरिका-दक्षिण कोरिया संयुक्त सैन्य अभ्यास को जिम्मेदार ठहराया

प्योंगयांग। उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया पर उकसाने की कोशिश का आरोप लगाते हुए परमाणु युद्ध की धमकी दी है। उत्तर कोरिया ने इन स्थितियों के पीछे अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास को जिम्मेदार बताया है।

इस समय अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास चल रहा है। दोनों देशों ने संयुक्त सैन्य अभ्यास के दौरान अमेरिकी विमान वाहक पोत, बी-1बी और बी-52 बमवर्षकों

जैसे शस्त्रों का प्रयोग भी किया है।

उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच इस सैन्य अभ्यास का जमकर विरोध किया है। अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उत्तर कोरिया ने इस सैन्य अभ्यास को अपने खिलाफ एक रणनीति बताया है। साथ ही उत्तर कोरिया अपनी सैन्य गतिविधियों में तेजी ला रहा है। पिछले कुछ दिनों में उत्तर कोरिया ने छोटे-बड़े कई बैलिस्टिक मिसाइलें भी दाग चुका है। उनमें से एक मिसाइल ऐसा था जिसे अमेरिका के किसी भी क्षेत्र में दागा जा सकता।

उत्तर कोरिया की ओर से अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास का जिक्र करते हुए कहा गया है कि यह कोरियाई प्रायद्वीप को एक बड़ी तबाही की तरफ ले जा रहा है। इस सैन्य अभ्यास ने कोरियाई प्रायद्वीप को एक तरह से परमाणु युद्ध के कगार पर खड़ा कर दिया है। सैन्य विशेषज्ञों को उम्मीद है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के एकजुट होने से कोरियाई प्रायद्वीप पर मंडरा रहे परमाणु युद्ध के काले बादल छंट सकेंगे।

स्टार्मी डेनियल को ट्रंप के कानूनी खर्च का भुगतान करना पड़ेगा : अमेरिकी कोर्ट

लॉस एंजिलिस। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ मानहानि का केस करने वाली पोर्न स्टार स्टार्मी डेनियल अब मुसीबत में आ गई हैं। ट्रंप मामले की सुनवाई कर रही अपीलीय कोर्ट ने स्टार्मी डेनियल पर मुकदमे में 1,22,000 डॉलर के कानूनी खर्च का भुगतान करने के आदेश दिए हैं। ट्रंप पर वर्ष 2016 के राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार के दौरान पोर्न स्टार फिल्मों की अभिनेत्री स्टार्मी डेनियल को मुंह बंद रखने के लिए धन देने के आरोप लगे थे। इसी आरोपों से जुड़े आपराधिक मामले में ट्रंप मैनहट्टन की एक कोर्ट में आत्मसमर्पण करने पहुंचे थे। डेनियल ने आरोप लगाया था कि वर्ष 2006 में ट्रंप के साथ उनका प्रेम संबंध था और वर्ष 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले अपना मुंह बंद रखने के लिए उन्हें 1,30,000 डॉलर दिए थे।

पाकिस्तान में अक्टूबर तक चुनाव कराने की योजना साझा करने पर इमरान खान साथ देने को तैयार

लाहौर/इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि यदि पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) नीत गठबंधन सरकार निष्पक्ष आम चुनाव कराने के लिए उनके साथ कोई योजना साझा करती है तो वह अक्टूबर तक इंतजार करने के लिए तैयार हैं। इमरान खान पिछले साल अप्रैल में प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ होने के बाद से शीघ्र राष्ट्रीय चुनाव की मांग कर रहे हैं। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग अक्टूबर तक आम चुनाव कराने की तैयारी कर रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इमरान खान ने कहा कि वह चुनावों के लिए अक्टूबर तक इंतजार करने को तैयार हैं, हालांकि उनका फैसला पीडीएम नीत गठबंधन सरकार की इच्छा पर निर्भर करता है। सत्तारूढ़ पीडीएम में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सहित कई राजनीतिक दल शामिल हैं। पूर्व प्रधानमंत्री खान ने कहा कि

यदि गठबंधन सरकार उनके साथ कोई रोडमैप साझा कर यह सुनिश्चित करती है कि हर चीज व्यवस्थित रूप से होगी, तब वह चुनावों के लिए अक्टूबर तक इंतजार कर सकते हैं।

वीडियो लिंक के जरिए अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए खान ने पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के आदेश को निरस्त करने और 14 मई को पंजाब विधानसभा चुनाव कराने संबंधी उच्चतम न्यायालय के फैसले की सराहना की। शीर्ष न्यायालय के तीन न्यायाधीशों की पीठ ने राजनीतिक महत्व रखने वाले इस राज्य में चुनावों के लिए 14 मई की तारीख तय की है।

खान ने दावा किया कि पीएमएल-एन नीत संघीय सरकार की योजना पंजाब प्रांत में 14 मई को चुनाव कराए जाने की अवज्ञा करने की है। उन्होंने अपनी पार्टी के समर्थकों से संविधान की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरने के वास्ते तैयार रहने की अपील की। दूसरी ओर सत्तारूढ़ गठबंधन ने ऐलान किया है कि वह अदालत की अवमानना या अयोग्य ठहराए जाने का सामना करने को तैयार है, लेकिन उच्चतम न्यायालय के फैसले को वह लागू नहीं करेगा।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनके मंत्रिमंडल ने न्यायालय के फैसले को खारिज कर दिया है और ऐलान किया है कि यह चाहे जो कुछ भी हो वे इसका पालन नहीं करेंगे। पाकिस्तान में पिछला आम चुनाव जुलाई 2018 में हुआ था और पाकिस्तान की मौजूदा नेशनल असेंबली का कार्यकाल अक्टूबर 2023 तक है।

बेरेन क्रांति की 33वीं वर्षगांठ पर बांग्लादेश में उठी चीनी अत्याचारों के खिलाफ आवाज

ढाका। पूर्वी तुर्किस्तान में बेरेन क्रांति की 33वीं वर्षगांठ पर बांग्लादेश में विभिन्न हिस्सों में चीन के विरोध में प्रदर्शन और सम्मेलन आयोजित किए गए। पूर्वी तुर्किस्तान को चीन में शिनजियांग प्रांत के नाम से जाना जाता है। इस प्रांत को उइगर मुसलमानों के दमन के रूप में जाना जाता है।

वेलफेयर एंड डेवलपमेंट कमेटी ने भी ढाका विश्वविद्यालय के

पास विरोध प्रदर्शन किया और मानव श्रृंखला बनाई। बीएमडब्ल्यूडीसी सदस्यों ने चीन दूतावास को ज्ञापन भी सौंपा। ओपन डायलॉग बांग्लादेश ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इसके अलावा गाजीपुर में संचेतन नागरिक समाज, रणपुर में मुक्तिजोध मंच (एमएम), खुलना में गैर-सरकारी संगठन अलोकितो फाउंडेशन एवं सम्मिलितो सामाजिक आंदोलन और चटगांव में बांग्लादेश इस्लामी फ्रंट द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में उइगर मुसलमानों पर अत्याचार के लिए चीन की आलोचना की गई। लोगों में पर्चे बांटे गए। मुस्लिम संगठनों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से समर्थन मांगा। कई मुस्लिम संगठनों ने मुस्लिम देशों से इस मुद्दे पर आवाज उठाने की अपील की और बांग्लादेश स्थित चीनी दूतावास में ज्ञापन सौंपा। बांग्लादेश इस्लामी फ्रंट ने बांग्लादेश में चीन के बहिष्कार की मांग की। उल्लेखनीय है कि चीन के शिनजियांग प्रांत में उइगर मुसलमान विद्रोहियों और चीनी सैन्य बलों के बीच 5 अप्रैल से 10 अप्रैल 1990 के दौरान संघर्ष चला था। उइगर शिनजियांग को चीन से आजाद करवाना चाहते थे। छह दिन तक चले इस संघर्ष में चीन सरकार ने उइगर विद्रोह को कुचल दिया था।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

रूस के उत्तरी काकेशस में गोलीबारी, तीन पुलिसकर्मियों की मौत, आठ घायल

इस्लामाबाद। रूस के उत्तरी काकेशस में गोलीबारी का खबर सामने आई है। रूसी समाचार एजेंसियों ने बताया कि रूस के उत्तरी काकेशस गणराज्य इंगुशेतिया में गोलीबारी की घटना में तीन पुलिसकर्मियों की मौत की मौत हो गई है, जबकि आठ अन्य घायल हो गए हैं। बता दें कि काकेशस या काकेशिया, काला सागर और कैस्पियन सागर के बीच का एक क्षेत्र है। जिसमें मुख्य रूप से अर्मेनिया, अजरबैजान, जॉर्जिया और दक्षिणी रूस के कुछ हिस्से शामिल हैं।

इंगुशेतिया चेचन्या की सीमा से सटे रूस के उत्तरी काकेशस में एक बहुसंख्यक-मुस्लिम गणराज्य है। यहां 2000 के दशक की शुरुआत में अधिकारियों के साथ इस तरह की झड़पें अपेक्षाकृत आम हुआ करती थीं, लेकिन हाल के वर्षों में यह कम हो गई हैं।

रूसी समाचार एजेंसियों ने कानून प्रवर्तन सूत्रों के हवाले से बताया कि जयाजिकोव-यूर्ट गांव में एक निजी घर में छिपे एक गिरोह के साथ गोलीबारी के दौरान तीन पुलिसकर्मी मारे गए और आठ अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियान जारी है।

रूसी मीडिया के मुताबिक, ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने समूह को हिरासत में लेने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने गोलियां चला दीं। पिछले हफ्ते अधिकारियों ने बताया था कि इंगुशेतिया और पड़ोसी उत्तर ओसेशिया की सीमा पर एक पुलिस पोस्ट पर गोलीबारी की गई थी, जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। चेचन्या में दो अलगाववादी युद्धों सहित सोवियत संघ के टूटने के बाद उत्तरी काकेशस उग्रवाद का केंद्र बन गया था।

बता दें कि काकेशस या काकेशिया, काला सागर और कैस्पियन सागर के बीच का एक क्षेत्र है। जिसमें मुख्य रूप से अर्मेनिया, अजरबैजान, जॉर्जिया और दक्षिणी रूस के कुछ हिस्से शामिल हैं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आरबीआई के फैसले को सही ठहराया

नई दिल्ली/बेंगलुरु। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रेपो रेट नहीं बढ़ाने पर आरबीआई के फैसले को सही ठहराया है। सीतारमण ने पैन से आधार को लिंक करने में देरी पर लग रहे जुमार्ने का बचाव भी किया। उन्होंने कीमतें बढ़ने के मुद्दे पर कहा कि मुद्रास्फीति को छह फीसदी यानी उसके नीचे रखा गया है। बेंगलुरु में आयोजित एक कार्यक्रम के बाद प्रेस कांफ्रेंस के दौरान सीतारमण ने यह बात कही।

वित्त मंत्री ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि पैन को आधार से लिंक कराने के लिए पहले बहुत समय दिया गया था। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने ऐसा अब तक नहीं कराया है, उन्हें तत्काल ऐसा करा लेना चाहिए। सीतारमण ने पैन से आधार को लिंक करने में देरी पर लग रहे जुमार्ने का बचाव करते हुए कहा कि आधार से पैन लिकिंग 31 मार्च, 2022 तक मुफ्त था। इसके बाद एक अप्रैल, 2022 से उस पर 500 रुपये जुमार्ने का प्रावधान किया गया, जिसे जुलाई महीने में बढ़ाकर एक हजार रुपये कर दिया गया। अगर अब भी लोग इसका लाभ नहीं उठाते हैं तो इसे और बढ़ाया जाएगा। अडाणी पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। ममता बनर्जी खुद अडानी का स्वागत करती हैं।

छत्तीसगढ़ और राजस्थान में अडाणी समूह ने निवेश किया है। सीतारमण ने कहा कि केरल की कांग्रेस सरकार ने थाली में सजाकर विझिंगम पोर्ट अडाणी समूह को दिया था। यह फैसला किसी निविदा के आधार पर नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि आप हमसे सवाल करें, हमें परवाह नहीं है लेकिन हमारे पास कुछ छुपाने के लिए नहीं है।

इससे पहले वित्त मंत्री ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने न केवल कोरोना के बाद आर्थिक सुधार पर ध्यान केंद्रित किया, बल्कि डिजिटलीकरण के साथ आगे बढ़ने और 21वीं सदी की अर्थव्यवस्था बनने के लिए देश द्वारा आवश्यक सुधारों को जारी रखने का अवसर भी नहीं गंवाया।